वर्ष : 34 | अंक : 254 | मुंबई, शुक्रवार, 21 नवंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## सुको ने अपने ही फैसले को कहा असंवैधानिक

नई दिल्ली। राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए विधेयकों को मंजूरी देने को लेकर समय-सीमा निर्धारित करने वाले अपने ही फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया है। भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई की अगुवाई वाली सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने संविधान के आर्टिकल 143 के तहत राष्ट्रपति के रेफरेंस पर अपनी राय में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच का फैसला संविधान में निर्धारित व्यवस्था के अनुरूप नहीं था।

शेष पेज- 8 पर

## कृति ने धनुष संग काम के अनुभव पर खोले राज



ए.आर. रहमान का म्यूज़िकल एल्बम 'तेरे इश्क में' इन दिनों लगातार ट्रेंड कर रहा है और ट्रेलर को मिल रही जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद फिल्म के प्रति दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ गई है। धनुष और कृति सेनन की नई जोड़ी को लेकर फैन्स बेहद रोमांचित हैं और रिलीज़ से पहले ही उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री फिल्म की बड़ी यूएसपी बनकर उभर रही है। इसी चर्चा के बीच कृति सेनन ने धनुष के साथ काम के अपने अनुभव पर खुलकर बात की। धनुष संग पहली बार काम को लेकर कृति ने कहा, श्धनुष एक शानदार अभिनेता हैं। मैं हमेशा से उनके टैलेंट और उनके क्राफ्ट की प्रशंसक रही हूं।

शेष पेज- 7 पर

# दवा या जहर!



- प्रयोगशालाओं में 211 दवाएं गुणवत्ता में फेल, CDSCO रिपोर्ट में खुलासा
- केंद्रीय औषधि प्रयोगशालाओं में जांचे गए 63 दवा सैंपल गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरे
- राज्यों की दवा जांच प्रयोगशालाओं में 148 दवा सैंपल को गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाए गए

एजेंसी | नई दिल्ली

देश में दवाओं की गुणवत्ता को लेकर चिंता एक बार फिर बढ़ गई है। केंद्रीय औषधि प्रयोगशालाओं ने अक्तूबर महीने के ड्रग अलर्ट में विभिन्न कंपनियों के 63 नमूनों को मानकों पर खरा न उतरने वाला पाया है। इसके अलावा राज्यों की प्रयोगशालाओं ने भी 148 दवाओं को निकृष्ट गुणवत्ता का घोषित किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी जारी करते हुए बताया कि यह जांच नियमित निगरानी का हिस्सा है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) हर महीने अपनी पोर्टल पर निकृष्ट गुणवत्ता (NSQ) और फर्जी दवाओं की सूची जारी करता है। अक्टूबर 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय प्रयोगशालाओं ने 63 दवाओं को गुणवत्ता मानकों में विफल पाया, जबकि राज्यों की प्रयोगशालाओं ने 148 नमूनों को NSQ श्रेणी में रखा है। यह सूची बाजार में उपलब्ध दवाओं पर किए गए नियमित परीक्षण के आधार पर तैयार की जाती है।

### गुणवत्ता मानकों में विफलता कैसे तय होती है?

अधिकारियों के मुताबिक किसी दवा नमूने को निकृष्ट गुणवत्ता वाला तब माना जाता है जब वह किसी निर्दिष्ट पैरामीटर जैसे शुद्धता, शक्ति, स्थिरता या संरचना में फेल हो जाए। यह जांच बैच-वार की जाती है, यानी अगर एक बैच विफल होता है तो इसका अर्थ यह नहीं कि उसी कंपनी की सभी दवाएं या अन्य बैच भी खराब हैं। यह एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसके तहत केवल जांचे गए बैच की गुणवत्ता पर ही निष्कर्ष निकाला जाता है।

### बिहार और दिल्ली से मिले फर्जी दवाओं के नमूने

अक्टूबर महीने में गंभीर मामला फर्जी दवाओं से भी जुड़ा मिला है। बिहार से तीन और दिल्ली से दो नमूने ऐसे पाए गए हैं जो स्प्यूरियस यानी फर्जी श्रेणी में आते हैं। ये दवाएं अनधिकृत निर्माताओं द्वारा बनाई गई थीं और इनमें किसी दूसरी कंपनी के ब्रांड नाम का उपयोग किया गया था। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, ऐसे मामले न सिर्फ उपभोक्ता की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं बल्कि पब्लिक हेल्थ सिस्टम पर भी गंभीर जोखिम पैदा करते हैं।

### बाजार से हटाने की प्रक्रिया जारी

CDSCO और राज्य औषधि नियामक इन दवाओं को बाजार से हटाने की कार्रवाई करते हैं। NSQ और फर्जी दवाओं की पहचान होने पर उन्हें तुरंत बाजार से वापस लेने की प्रक्रिया शुरू की जाती है, ताकि मरीजों को नुकसान से बचाया जा सके। यह पूरे देश में दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे संयुक्त अभियान का हिस्सा है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र और राज्य की एजेंसियां लगातार गुणवत्ता निगरानी का दायरा बढ़ा रही हैं। नियमित टेस्टिंग, सैंपलिंग और सख्त नियमों के चलते खराब गुणवत्ता वाली दवाओं की पहचान ज्यादा तेज़ी से हो रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि जनता को सुरक्षित और मानक गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, जिसके लिए हर महीने ऐसे अलर्ट जारी किए जाते हैं।

# सरकारी अधिकारियों को सरकार का फरमान

- एमपी-एमएलए आएं तो उठकर स्वागत करने का निर्देश



धीरज सिंह | मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने सुशासन और जवाबदेही बढ़ाने के उद्देश्य से अधिकारियों के लिए नए व्यवहार नियम जारी किए हैं। मुख्य सचिव राजेश कुमार द्वारा जारी सरकारी परिपत्र (जीआर) में कहा गया है कि निर्वाचित प्रतिनिधियों—सांसदों और विधायकों—को उचित सम्मान देना प्रशासन की विश्वसनीयता के लिए अत्यंत आवश्यक है। सरकार ने इन निर्देशों को पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

### विधायकों-सांसदों से सम्मानजनक व्यवहार पर जोर

नए जीआर के अनुसार, अधिकारियों को विधायकों और सांसदों के कार्यालय में प्रवेश या निकास के समय अपनी सीट से उठना अनिवार्य होगा। उनके साथ बातचीत के दौरान पूर्ण शिष्टाचार बनाए रखना, उनकी बात ध्यान से सुनना और नियमों के अनुसार हर संभव सहायता प्रदान करना भी जरूरी होगा। फोन पर बात करते समय भी विनम्र भाषा का प्रयोग अनिवार्य किया गया है।

### व्यवहार नियमों का उद्देश्य

सरकार का कहना है कि यह जीआर पुराने परिपत्रों को समेकित कर उन्हें अधिक स्पष्टता और मजबूती के साथ अद्यतन करता है। हाल ही में कई निर्वाचित प्रतिनिधियों ने अधिकारियों की उदासीनता, समय न देने और समस्याओं के समाधान में देरी को लेकर नाराजगी जताई थी। इसी पृष्ठभूमि में नए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

### शिकायतों के बाद प्रशासनिक रुख

कुछ सत्तारूढ़ दलों के विधायकों और सांसदों ने आरोप लगाया था कि प्रशासनिक अधिकारी उनकी बैठक अनुरोधों को गंभीरता से नहीं लेते, जिससे स्थानीय मुद्दों के समाधान में बाधा आती है। इन शिकायतों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि निर्वाचित प्रतिनिधियों को सम्मान देना लोकतांत्रिक व्यवस्था का मूल तत्व है।

### पालन न करने पर चेतावनी

मुख्य सचिव राजेश कुमार ने जीआर में यह चेतावनी भी दी है कि यदि कोई अधिकारी इन निर्देशों का पालन नहीं करता है, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सरकार का दावा है कि यह कदम प्रशासन को अधिक उत्तरदायी, संवेदनशील और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप बनाने में मदद करेगा।

## ब्रीफ न्यूज़

### मुंबई महानगरपालिका चुनाव के लिए मतदाता सूची प्रकाशित

**मुंबई।** मुंबई नगर निगम चुनाव के लिए मतदाता सूची गुरुवार, 20 नवंबर को घोषित कर दी गई। ड्राफ्ट मतदाता सूची पर 27 नवंबर तक आपत्तियां और सुझाव दर्ज किए जा सकेंगे। अंतिम मतदाता सूची 5 दिसंबर को घोषित की जाएगी। इस बार मतदाता सूची में डुप्लीकेट और छूटे हुए नामों को चिह्नित किया गया है। मतदान में धांधली के आरोपों के चलते इस साल मतदाता सूची पर बड़ी संख्या में आपत्तियां और सुझाव मिलने की उम्मीद है। मुंबई में कुल 1 करोड़ 3 लाख मतदाता हैं। 2017 में यह संख्या लगभग 91 लाख थी।

### एल्गार परिषद मामले के आरोपी को मिली जमानत

**मुंबई।** एल्गार-परिषद माओवादी संबंध मामले के आरोपी सागर गोरखे को उसकी विधि (लॉ) की डिग्री की परीक्षा में शामिल होने के लिए एनआईए की विशेष अदालत ने अंतरिम जमानत दे दी है। कबीर कला मंच के सदस्य गोरखे को, जिसे प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) का कथित मोर्चा संगठन माना जाता है, सितंबर 2020 में गिरफ्तार किया गया था। विशेष न्यायाधीश चकोर भाविस्कर ने बुधवार को सागर गोरखे को 20 नवंबर से 16 दिसंबर तक के लिए अस्थायी जमानत दी है, ताकि वह अपनी कानून की परीक्षाओं में शामिल हो सके। गोरखे वर्तमान में पड़ोसी नवी मुंबई की तलोजा जेल में बंद हैं।

# अजित पवार को भाजपा की दो टूक

### नवाब मलिक हमें कतई स्वीकार नहीं : शेलार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नवाब मलिक के खिलाफ आरोप तय होने के बाद महाराष्ट्र भाजपा ने साफ कर दिया है कि आगामी नगर निगम चुनावों में वह मलिक के नेतृत्व वाली एनसीपी के साथ किसी भी तरह का गठबंधन नहीं करेगी। यह घोषणा महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और भाजपा नेता आशीष शेलार ने की। आशीष शेलार ने कहा कि भाजपा का रुख शुरुआत से स्पष्ट रहा है। हम नवाब मलिक का समर्थन नहीं कर सकते। विधानसभा चुनावों में भी हमारा यही स्टैंड था और आगे भी यही रहेगा। उन्होंने कहा कि यह व्यक्तिगत मामला नहीं, बल्कि मलिक पर लगे गंभीर आरोपों का सवाल है। शेलार ने दोहराया कि जब उनके खिलाफ दाऊद गिरोह की सदस्य हसीना पारकर से संबंध जैसे आरोप हों, तो भाजपा अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं कर सकती।





### कोर्ट में आरोप तय

यह बयान उस समय आया है जब हाल ही में एक अदालत ने दाऊद इब्राहिम से जुड़े धनशोधन मामले में मलिक के खिलाफ आरोप तय किए हैं। ED के अनुसार, मलिक ने हसीना पारकर, सलीम पटेल और सरदार खान के साथ मिलकर कुर्ला स्थित संपत्ति में अवैध हिस्सेदारी ली थी। मलिक को फरवरी 2022 में गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह सुप्रीम कोर्ट से मिली चिकित्सीय जमानत पर बाहर हैं।

### हमारी राजनीति किसी पर निर्भर नहीं : एनसीपी

भाजपा के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने कहा कि वे इस विवाद को विशेष महत्व नहीं देते। एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि मलिक को दो महीने पहले मुंबई चुनाव समिति का प्रमुख बनाया गया है और पार्टी चुनाव की तैयारी में जुटी है। उम्मीदवारों से आवेदन मांगे जा चुके हैं और पार्टी जल्द तय करेगी कि कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

### भारत गरीबी कम करने के लक्ष्य के बेहद करीब : यूनिसेफ

**नई दिल्ली।** भारत 2030 की समयसीमा से पहले बहुआयामी गरीबी को आधा करने के अपने सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को हासिल करने की राह पर है। हालांकि, लाखों बच्चे अब भी शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छ पानी जैसी बुनियादी सेवाओं तक पहुंच में गंभीर कमी का सामना कर रहे हैं। यूनिसेफ ने गुरुवार को यह जानकारी दी। 'द स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स चिल्ड्रन 2025: एंडिंग चाइल्ड पॉवर्टी-आवर शेयर्ड इम्पेरेटिव' रिपोर्ट के अनुसार, भारत में लगभग 20.16 करोड़ बच्चे-जो देश की बाल आबादी का लगभग आधा हिस्सा हैं, जों शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पोषण, स्वच्छ पानी और स्वच्छता सहित छह आवश्यक सेवाओं में से कम से कम एक तक पहुंच से वंचित हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि इनमें से एक-तिहाई से भी कम (6.12 करोड़) बच्चों की पहुंच दो या उससे अधिक बुनियादी सेवाओं तक नहीं है।




# रॉबर्ट वाड्रा की बढ़ी मुश्किलें

एजेंसी | नई दिल्ली

**मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने दाखिल की चार्जशीट**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लंदन में रह रहे भगोड़े डिफेंस डीलर संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। यह सेकेंड सप्लीमेंट्री चार्जशीट धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल की गई। अधिकारियों के मुताबिक, पीएमएलए के तहत वाड्रा का बयान इस साल जुलाई में रिकॉर्ड किया गया था। इस सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर अदालत 6 दिसंबर को सुनवाई करेगी। इस मामले में रॉबर्ट वाड्रा को नौवां आरोपी बनाया गया है। अभी कोर्ट ने सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान नहीं लिया है।

# सरकारी संस्थानों पर 3736 करोड़ प्रॉपर्टी टैक्स बकाया

- सबसे बड़ा डिफॉल्टर बना एमएमआरडीए

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बीएमसी का सरकार कार्यलयों पर ही करोड़ो रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। बकाया राशि दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। बीएमसी के प्रॉपर्टी टैक्स डिफॉल्टर्स की लिस्ट में 1632 करोड़ के साथ एमएमआरडीए पहले पायदान पर है और म्हाडा 577 करोड़ रुपये बकाया राशि के साथ दूसरे स्थान पर है। सरकारी संस्थानों पर कुल 3736 करोड़ रुपये प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। बीएमसी की फिक्स्ड डिपोजिट लगातार कम हो रही है। पिछले तीन वर्षों में यह राशि 12 हजार करोड़ रुपये कम हुई है। ऐसे में अपनी आय बढ़ाने के लिए बीएमसी विभिन्न उपायों की तलाश कर रही है।




### किस पर कितना प्रॉपर्टी टैक्स बकाया?

म्हाडा 577.78 करोड़, मध्य रेलवे 6.11 करोड़, पश्चिम रेलवे 6.89 करोड़, राज्य सरकार 5.74 करोड़, केंद्र सरकार 54.26 करोड़, बॉम्बे पोर्ट ट्रस्ट 50.57 करोड़, पुलिस आयुक्त 10.40 लाख और एमएमआरडीए पर 1632.66 करोड़ रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है।

न्यूज़ ब्रीफ

## भाजपा के उर्दू प्रचार का सपा ने किया स्वागत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के निकाय चुनावों में सियासी रंग और तेज हो गए हैं। महाविकास आघाड़ी से अलग होकर अकेले चुनाव लड़ रही समाजवादी पार्टी ने रायगढ़ जिले के उरण में भाजपा द्वारा मुस्लिम मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए उर्दू में पर्चे बांटने का स्वागत किया है। हालांकि पार्टी ने मत्स्य पालन व बंदरगाह विकास मंत्री नितेश राणे से इस पर खुलकर प्रतिक्रिया देने की मांग भी की है। राज्य में 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के लिए चुनाव प्रचार चरम पर है। इसी बीच भाजपा नेताओं द्वारा उर्दू पर्चों का प्रसार चर्चा का विषय बना हुआ है। सपा विधायक रईस शेख ने कहा कि भाजपा को अब जाकर समझ आया है कि उर्दू किसी एक धर्म की भाषा नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि उरण में भाजपा विधायक महेश बाल्दी के कार्यकर्ता उर्दू पर्चे बांट रहे हैं, जबकि दूसरी तरफ पार्टी मुस्लिम समुदाय के प्रति नफरत फैलाने वाली राजनीति करती है। शेख के अनुसार यह भाजपा की दोहरी नीति है और मंत्री नितेश राणे को इस पर अपनी राय स्पष्ट करनी चाहिए। रईस शेख ने राज्य सरकार से उर्दू साहित्य अकादमी की बदहाल स्थिति पर सफाई मांगी है। उनके अनुसार अकादमी के पास न फंड है, न दफ्तर और न ही आवश्यक स्टाफ। राज्य में 75 लाख उर्दू भाषी नागरिक रहते हैं और रोजाना 25 उर्दू अखबार प्रकाशित होते हैं, ऐसे में भाषा और धर्म के आधार पर राजनीति करना बंद होना चाहिए।

## कस्टम अधिकारी स्कॉच की तस्करी करते हुए गिरफ्तार

**नवी मुंबई।** कस्टम विभाग ने अपनी ही टीम में तैनात अधिकारी सागर ओमप्रकाश मीणा को हाई-क्वालिटी स्कॉच की तस्करी करते हुए नवी मुंबई में गिरफ्तार किया है। अधिकारी के पास से करीब 19.50 लाख रुपये की विदेशी शराब और एक कार बरामद की गई है। मामले की जांच कस्टम की विशेष टीम कर रही है। कस्टम अधिकारी के अनुसार, सूचना मिली थी कि नवी मुंबई में गैर-कानूनी रूप से स्कॉच बेची जा रही है, जो इंटरनेशनल फ्लाइट्स में सर्व की जाने वाली शराब होती है। निगरानी के बाद पता चला कि यह शराब सीधे मुंबई एयरपोर्ट से बाहर भेजी जा रही है। गोपनीय जानकारी के आधार पर जब सागर मीणा की कार को रोका गया तो तलाशी में बिना इंपोर्ट ड्यूटी चुकाए लाई गई स्कॉच की 15 बोतलें मिलीं। जांच आगे बढ़ाते हुए कस्टम टीम ने सागर मीणा के नवी मुंबई के उल्वे स्थित घर की तलाशी ली। वहां भी उसी तरह की सीलबंद, हाई-क्वालिटी विदेशी शराब बरामद हुई। सागर शराब खरीदने के कागज़ात या किसी तरह का लाइसेंस पेश नहीं कर सका। अधिकारी के खिलाफ महाराष्ट्र प्रोहिबिशन एक्ट, 1949 के तहत मामला दर्ज किया गया है। तस्करी का मोटिव शराब की गैर-कानूनी बिक्री माना जा रहा है। कुल 19.50 लाख रुपये मूल्य की शराब और एक कार जब्त की गई है। इंटरनेशनल फ्लाइट्स के लिए इस्तेमाल होने वाली शराब एयरपोर्ट के 'बॉन्ड रूम' में रखी जाती है, जहां से कैटरिंग विभाग उसे सीधे विमान तक पहुंचाता है। चूंकि यह शराब यात्रियों को सर्व की जाती है, इसलिए इस पर किसी तरह की इंपोर्ट ड्यूटी नहीं लगती।

# 13 साल बाद आजाद हुई सड़क

विनय दूबे । भाईंदर

सड़क चौड़ीकरण में रोड़ा बने अवैध निर्माण को एमबीएमसी आयुक्त/प्रशासक राधाबिनोद शर्मा के नेतृत्व में तोड़क दस्ते ने 13 साल बाद ध्वस्त कर 39 मीटर सड़क चौड़ीकरण का मार्ग प्रशस्त किया। शहर में सड़क विकास और शहरी सुविधाओं की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



### नागरिकों की परेशानी दूर करने की पहल

एमबीएमसी प्रभाग क्र. 6 में मीरा विलेज–प्लेजेंट पार्क–एमआईडीसी को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने वाली 30 मीटर चौड़ी सड़क पर वर्षों से अनाधिकृत निर्माण था, जिससे नागरिकों को भारी यातायात समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। कार्रवाई के बाद लंबे समय से लंबित सड़क चौड़ीकरण का रास्ता साफ हुआ है। आयुक्त ने सड़क की स्थिति, बाधाओं और यातायात संकट की विस्तृत समीक्षा कर तत्काल चौड़ीकरण का निर्णय लिया।

### बढ़ते यातायात पर प्रशासन की नजर

तेजी से बढ़ते शहरी विकास के साथ यातायात समस्या भी गंभीर होती जा रही है, जो प्रशासन के लिए चुनौती बन चुकी है। समाधान हेतु प्रशासन योजनाबद्ध ढंग से कार्रवाई कर रहा है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कई सड़कों पर अनाधिकृत निर्माणों के कारण बढ़ती भीड़भाड़ को गंभीर समस्या बताते हुए तत्काल कानूनी कदम उठाने के निर्देश दिए।

### क्या हुआ था 2012 में?

मनपा सूत्रों के अनुसार, वर्ष 2012 में कार्रवाई के दौरान तोड़क दस्ते पर पथराव भी हुआ था और मामला अदालत में लंबित है। कानूनी स्थिति और स्थल की विस्तृत समीक्षा के बाद संबंधित विभागों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए।

### कार्रवाई में प्रशासनिक टीम की मौजूदगी

तोड़क कार्रवाई के दौरान एमबीवीवी पुलिस बल के साथ मनपा अतिरिक्त आयुक्त डॉ. संभाजी पानपट्टे, उपायुक्त (अतिक्रमण) डॉ. सचिन बांगर, शहर अभियंता दीपक खाम्बित, उप अभियंता सचिन पवार, शाखा अभियंता यतिन जाधव, अतिक्रमण विभाग प्रमुख नरेंद्र चव्हाण, सहायक आयुक्त प्रियंका भोसले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सर्राफा व्यापारी हत्याकांड की गुत्थी सुलझी





### पत्नी और बेटे ने मिलकर की सराफा व्यापारी की हत्या, गिरफ्तार

**भाईंदर।** नवघर पुलिस ने सराफा व्यापारी सुशान्तो पॉल की हत्या मामले में उसकी पत्नी और बेटे को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पॉल का अपनी पत्नी अमृता पॉल और बच्चों के साथ प्रॉपर्टी व पैसों को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। पारिवारिक कलह के कारण वह परिवार से अलग रह रहा था। 18 नवंबर की देर रात अमृता पॉल अपने बेटे अनित और एक नाबालिग बेटे के साथ पॉल के कारखाने पहुंची। पैसों को लेकर एक बार फिर विवाद बढ़ गया। इसी दौरान माँ और दोनों बेटों ने मिलकर धारदार ठोस वस्तु से सुशान्तो पॉल की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए। नवघर पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक धीरज कोली के नेतृत्व में अपराध शाखा की टीम ने जांच शुरू की। घटनास्थल से मिले सबूत, तकनीकी विश्लेषण और अन्य प्रमाणों के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की लोकेशन और गतिविधियों का पता लगाया, जिससे गिरफ्तारी संभव हुई।

## महानगरपालिका चुनाव 2025 के लिए मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित




ओपी यादव । विरार

वसई-विरार शहर महानगरपालिका आम चुनाव 2025 की तैयारी के तहत राज्य चुनाव आयोग के आदेशानुसार 20 नवंबर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की गई है। यह सूची महानगरपालिका मुख्यालय सहित सभी वार्ड समिति कार्यालयों में अवलोकन हेतु उपलब्ध है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 20 से 27 नवंबर 2025 के बीच मतदाता सूची के संचलन और संबंधित प्रक्रियाएँ पूरी की जाएंगी। यदि किसी नागरिक को प्रारूप मतदाता सूची में दर्ज विवरण के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव देना है, तो वे राज्य चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित नमूना-ए और नमूना-बी प्रपत्रों में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। ये प्रपत्र वसई-विरार महानगरपालिका मुख्यालय, सभी वार्ड समिति कार्यालयों एवं महानगरपालिका की आधिकारिक वेबसाइट www.vvcmc.in पर उपलब्ध हैं।

# आईएफएफआई 2025 में 'माई स्टैम्प टेम्पलेट' का विमोचन

### भारतीय सिनेमा पर विशेष डाक टिकट प्रदर्शनी का अनावरण

**पणजी।** 56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI 2025) के उद्घाटन दिवस को भारतीय डाक विभाग द्वारा जारी किए गए एक विशेष "माई स्टैम्प टेम्पलेट" ने यादगार बना दिया। कला अकादमी, पणजी में आयोजित समारोह में इस विशेष डाक टिकट का औपचारिक विमोचन किया गया।



### अच्युत पलव की कलात्मक डिज़ाइन

यह अनूठा डाक टिकट नवी मुंबई के विख्यात सुलेखक अच्युत पलव द्वारा डिज़ाइन किया गया है। उनकी कलात्मक शैली ने इस डाक टिकट को IFFI की प्रतिष्ठा के अनुरूप एक विशिष्ट दृश्य पहचान प्रदान की है।

### गोवा डाक विभाग के अधिकारियों की सहभागिता

गोवा क्षेत्र के डाक सेवाएं निदेशक और पणजी के वरिष्ठ डाकघर अधीक्षक अनुराग निखारे ने प्रदर्शनी में शामिल डाक टिकट संग्रहकर्ताओं से बातचीत की और भारतीय डाक की पहलों पर चर्चा की। समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अमिताभ सिंह ने कहा कि कला अकादमी में प्रदर्शित 20 फ्रेमों की विशेष डाक टिकट संग्रह प्रदर्शनी भारतीय सिनेमा की विरासत के संरक्षण और प्रसार के प्रति भारतीय डाक की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि IFFI–थीम वाला "माई स्टैम्प" फिल्म प्रेमियों, संग्रहकर्ताओं और महोत्सव में आने वाले आगंतुकों के लिए एक विशेष स्मृति चिन्ह साबित होगा।

### मुख्य अतिथि ने किया औपचारिक विमोचन

महाराष्ट्र परिमंडल के मुख्य डाकपाल महाप्रबंधक अमिताभ सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर स्टैम्प टेम्पलेट का विमोचन किया। इस अवसर पर रमेश पाटिल की उपस्थिति में "भारतीय सिनेमा" थीम पर आधारित विशेष डाक टिकट प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया गया।

## जीप 500 फीट गहरी खाई में गिरी, चार की मौत और दो लापता



**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में पुणे मानगांव हाइवे पर ताम्हिनी घाट पर से एक जीप अनियंत्रित होकर 500 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई और दो लोग अभी भी लापता हैं। मानगांव पुलिस स्टेशन की टीम स्थानीय नागरिकों की मदद से राहत और बचाव कार्य कर रही है। मानगांव पुलिस स्टेशन के पुलिस इंस्पेक्टर निवृत्ति बोराडे ने गुरुवार को बताया कि हादसे की सही वजह अभी साफ नहीं है। हालांकि, पहली नज़र में यह माना जा रहा है कि ड्राइवर का गाड़ी से कंट्रोल खो गया होगा और कार खाई में गिर गई होगी। ड्रोन से इलाके की जांच की जा रही है और चार लाशें मिली हैं। उन्हें ऊपर लाने का काम चल रहा है। रेस्क्यू टीम रस्सियों, क्रेन और दूसरे इक्विपमेंट की मदद से यह रेस्क्यू ऑपरेशन कर रही है।

# मीरा-भाईंदर मेट्रो की 15 साल की प्रतीक्षा खत्म

### दिसंबर के अंत तक दौड़ेगी मेट्रो

**भाईंदर।** मीरा-भाईंदर के निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मेट्रो की प्रतीक्षा अब समाप्त होने वाली है। वर्ष 2009 में मीरा-भाईंदरवासियों को दिखाया गया सपना अब पूरा होने जा रहा है। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि इस दिसंबर के अंत तक दहिसर से काशिमिरा मार्ग पर मेट्रो सेवा शुरू करने की योजना है।




### परियोजना को मिली गति

सरनाईक ने कहा कि 2014 में सरकार बनने के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और नगरीय विकास मंत्री एकनाथ शिंदे के सहयोग से दहिसर–काशिमिरा मेट्रो परियोजना को काफी गति मिली। इस मार्ग के शुरू होने के बाद मीरा–भाईंदर के लोग मेट्रो के माध्यम से सीधे अंधेरी पहुंच सकेंगे और वहां से मेट्रो–1 का उपयोग कर एयरपोर्ट स्टेशन 3 होते हुए कुलाबा तक भी जा सकेंगे। नए वर्ष में मीरा–भाईंदर के लोगों को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मंत्रालय और विधान भवन तक मेट्रो नेटवर्क के माध्यम से पहुंचने की सुविधा मिल सकेगी।

### वसई–विरार से कुलाबा तक मेट्रो कनेक्टिविटी

सरनाईक ने बताया कि वसई–विरार मेट्रो लाइन पर भी जल्द काम शुरू किया जाएगा। इस लाइन के शुरू होने के बाद वसई–विरार से अंधेरी और वहां से एयरपोर्ट इंटरचेंज होते हुए सीधे कुलाबा तक मेट्रो सेवा उपलब्ध हो सकेगी।

### निरीक्षण दौरे के दौरान हुई घोषणा

प्रताप सरनाईक दहिसर–काशिमिरा मेट्रो मार्ग के निरीक्षण दौरे के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि 2009 में जब वे पहली बार लोगों के प्रतिनिधि के रूप में चुनकर आए थे, तब उन्होंने नागरिकों को मेट्रो की सुविधा का आश्वासन दिया था। उस समय कई नेताओं ने उनकी इस घोषणा का मजाक उड़ाया था, लेकिन 14 वर्षों की लगातार प्रयासों के बाद अब यह परियोजना मूर्त रूप लेती दिख रही है।

## हिंदी बोलने पर छात्र की पिटाई

### नाराज छात्र ने की आत्महत्या

**डोंबिवली।** महाराष्ट्र के डोंबिवली में लोकल ट्रेन में हिंदी बोलने पर मराठी भाषी छात्र की पांच लोगों ने पिटाई की। इस पिटाई से नाराज छात्र अर्नव खैरे ने अपने घर में पंखे से लटकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की शिकायत अर्नव खैरे के पिता जीतेंद्र खैरे ने कल्याण स्थित कोलसावाड़ी पुलिस स्टेशन में दर्ज करवायी है। इस घटना की छानबीन कोलसावाड़ी पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है।

### ट्रेन में क्या हुआ था?

इस घटना की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि कल्याण के तीसगांव नाका इलाके में सहजीवन रेसीडेंसी में रहने वाले छात्र अर्नव खैरे मंगलवार को मुलुंड स्थित केलकर कालेज में लोकल ट्रेन से जा रहा था। अर्नव ने लोकल में आस पास खड़े यात्रियों से हिंदी में कहा कि ₹थोड़ा आगे आओ।₹ इसी बीच उसके आस–पास चार–पांच लोगों के एक ग्रुप ने उससे पूछा, ₹क्या तुम मराठी नहीं बोल सकते? और ₹क्या तुम्हें मराठी बोलने में शर्म आती है? इसके बाद छात्र अर्नव को पिटना शुरु कर दिया।

## अमानवीय सजा देने वाली आरोपी शिक्षिका गिरफ्तार

### 100 उठक-बैठक के बाद छात्रा की हुई थी मौत

**पालघर।** कक्षा 6वीं की एक छात्रा की मौत के मामले में एक महिला शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि, शिक्षिका ने छात्रा को स्कूल में देर से आने पर कथित तौर पर 100 उठक-बैठक करने के लिए मजबूर किया गया था। इस घटना के बाद छात्रा की तबीयत खराब हुई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



### क्या है पूरा मामला?

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना 8 नवंबर की है, जब वसई के श्री हनुमंत विद्या मंदिर में कक्षा 6 में पढ़ने वाली कक्षा छह की छात्रा काजल गौड़ को देरी से स्कूल आने पर अध्यापक ने सौ उठक–बैठक लगाने की सजा दी। उठक–बैठक लगाने के बाद काजल के कमर में दर्द होने लगा। बच्ची की मां ने बताया कि स्कूल से आने के बाद उसने तबीयत खराब होने की शिकायत की। इसके बाद उसे वसई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे एक अन्य अस्पताल में और फिर जेजे अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार को इलाज के दौरान बच्ची की जेजे अस्पताल में मौत हो गई।

### आरोपी शिक्षिका के खिलाफ केस दर्ज

मामले में वालिव पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि शिक्षिका, जिसे बाद में वसई इलाके के सतिवली के प्राइवेट स्कूल से निकाल दिया गया, पर भारतीय न्याय संहिता के तहत गैर–इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। लड़की को कथित तौर पर 8 नवंबर को स्कूल देर से पहुंचने पर 100 उठक–बैठक करने के लिए मजबूर किया गया था। उसकी मां ने आरोप लगाया है कि लड़की की मौत उसकी टीचर की तरफ से दी गई 'अमानवीय सजा' के कारण हुई, जिसने उसे स्कूल बैग पीठ पर रखकर उठक–बैठक करने के लिए मजबूर किया था। मामले में पुलिस अधिकारी ने कहा कि 13 साल की लड़की को सेहत से जुड़ी दिक्कतें थीं और वह सजा बर्दाश्त नहीं कर सकी।

वह बीमार पड़ गई और उसे मुंबई के एक हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां सात दिन बाद उसकी मौत हो गई। इस मौत के बाद स्थानीय लोगों और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने टीचर को गिरफ्तार कर लिया। वहीं इस मामले में शिक्षा विभाग ने घटना की जांच शुरू कर दी है, जबकि वसई–विरार नगर निगम ने भी जांच शुरू कर दी है।

## अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़

**नवी मुंबई।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की मुंबई जोनल यूनिट ने एक सफल अभियान चलाते हुए नवी मुंबई में सक्रिय एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। एनसीबी ने इस मामले में जब्त किए गए लगभग 25 किलोग्राम नशीले पदार्थों को विधिवत नष्ट कर दिया। जब्त किए गए ड्रग्स में उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन, हाइड्रोपोनिक गांजा (हाइड्रो गांजा) और गांजा गमीज शामिल थे। इनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करोड़ों रुपए आंकी जा रही है। जांच के दौरान पता चला कि यह सिंडिकेट विदेशी तस्करों से सीधा संपर्क रखता था और ड्रग्स को छिपाकर भारत में लाने की कोशिश कर रहा था। एनसीबी ने लगातार निगरानी और खुफिया जानकारी के आधार पर दो मुख्य ड्रग तस्करों को भारत में घुसते ही दबोच लिया। आगे की जांच में इनके तार मलेशिया तक जुड़े पाए गए। टीम ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग से सिंडिकेट के किंगपिन को मलेशिया से डिपोर्ट करवाया और भारत लाकर गिरफ्तार कर लिया। अब तक इस मामले में कुल 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



# महिला सुरक्षा केंद्र स्थापित करेगी महिला कांग्रेस

### कांग्रेस का महिला सम्मेलन संपन्न

**कल्याण।** महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष संध्याताई सव्वालाखे ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के शासनकाल में महिलाओं पर अत्याचारों में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ' सिर्फ एक खोखला नारा साबित हुआ है और भाजपा महायुती सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में विफल रही है। इसी कारण महिला कांग्रेस राज्यभर में महिला सुरक्षा केंद्र स्थापित करने जा रही है।



### बसपा की पदाधिकारी कांग्रेस में शामिल

जिलाध्यक्ष कांचन कुलकर्णी ने इंदिरा गांधी के साहसी नेतृत्व और महिलाओं के लिए उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम के जरिए समाज में महिलाओं की एकता और सजग भूमिका का संदेश दिया गया। इसी अवसर पर कल्याण की बसपा पदाधिकारी शिल्पा अंबादे ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल होकर राजनीतिक माहौल को नई दिशा दी।

### इंदिरा गांधी जयंती पर महिलाओं का प्रेरणादायी सम्मेलन

भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती पर कल्याण के साईनंदन इन हॉल में महिला कांग्रेस द्वारा भव्य सम्मेलन आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष कांचन योगेश कुलकर्णी की पहल पर हुए इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल और राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने ऑनलाइन संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। सम्मेलन में प्रदेश महिला कांग्रेस प्रभारी शिल्पी अरोड़ा, प्रदेशाध्यक्ष सव्वालाखे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन नाइक सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान सव्वालाखे ने कहा कि भाजपा चुनाव आयोग की मदद से वोट चोरी कर सत्ता हासिल करती है और चुनाव बैलेट पेपर से करवाए जाने चाहिए। उन्होंने दावा किया कि स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस भारी बहुमत से विजयी होगी।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर 10 दिवसीय पदयात्रा

देवेंद्रनाथ जैस्वार | मुंबई

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही 10 दिवसीय राष्ट्रीय पदयात्रा को सफल बनाने और देशभर के युवाओं को बड़े पैमाने पर जोड़ने के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा (BJYM) ने कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों और गतिविधियों की घोषणा की है। यह जानकारी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद तेजस्वी सूर्या ने गुरुवार को मुंबई स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार परिषद में दी।

पत्रकार परिषद में उनके साथ भाजपा प्रदेश सरचिटणीस एवं युवा मोर्चा प्रदेश प्रभारी विधायक विक्रांत पाटील, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी वरुण झवेरी, रोहन सैगल, देवांश शाह, युवा मोर्चा प्रदेश महासचिव निखिल चव्हाण, युवा मोर्चा मुंबई महासचिव दीपक सिंह तथा प्रदेश प्रवक्ता ओमप्रकाश चौहान उपस्थित थे।




### यात्रा 26 नवंबर से 6 दिसंबर तक

तेजस्वी सूर्या ने बताया कि संविधान दिवस 26 नवंबर से लेकर 6 दिसंबर तक इस यात्रा का तीसरा राष्ट्रीय चरण आयोजित किया जाएगा। देश के हर जिले से दो प्रतिनिधि युवा, लगभग सभी राज्यों से रवाना होकर सरदार पटेल के जन्मस्थल, गुजरात पहुंचेंगे। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रनिर्माण, एकता, अखंडता और मजबूत भारत निर्माण के संकल्प से जोड़ना है।

### युवाओं को सरदार पटेल के राष्ट्रवादी विचारों से जोड़ने की पहल

सूर्या ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से युवा पीढ़ी को सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्रवादी, संगठनशील और अखंड भारत की कल्पना पर आधारित विचारों से परिचित कराया जाएगा। इसके साथ ही आने वाले 25 वर्षों में भारत को वैश्विक नेतृत्व प्रदान करने, समाज में एकात्मता को प्रोत्साहित करने और विकास की गति बढ़ाने के लिए कई रचनात्मक उपक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश का युवा वर्ग आज शोध, उद्योग, स्टार्टअप, तकनीकी और नवाचार जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है।

### राजनीतिक यात्राओं पर तंज

तेजस्वी सूर्या ने बिना नाम लिए विपक्ष के एक युवा नेता पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राजनीति में 95 बार प्रयास करने वाले कथित युवा नेता की पदयात्रा केवल राजनीतिक थी, जबकि हमारी यह यात्रा पूरी तरह राष्ट्रहित और युवाओं को प्रेरित करने पर केंद्रित है। युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी विक्रांत पाटील ने बताया कि महाराष्ट्र के प्रत्येक जिले से चुने गए दो युवा कार्यकर्ताओं का मुंबई और नागपुर में एकत्रीकरण होगा। यहां से सभी प्रतिभागी आगे गुजरात के लिए रवाना होंगे। यह यात्रा न केवल सरदार पटेल को श्रद्धांजलि है, बल्कि देश की एकता, युवा शक्ति और भविष्य के भारत की मजबूत नींव रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

# मिल मजदूरों को समयबद्ध आवास सुनिश्चित करने के निर्देश

**मुंबई।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रकाश अबितकर ने कहा कि कोई भी पात्र मिल मजदूर अपने उचित आवास से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने मिल मजदूरों के लिए आवास उपलब्ध कराने हेतु एक समयबद्ध कार्यक्रम तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि लंबित परियोजनाओं में गति लाई जा सके। मंत्रालय में कोल्हापुर जिले के मिल श्रमिकों के आवास संबंधी बैठक में नगरीय विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव असीम कुमार गुप्ता, म्हाडा अधिकारियों और मिल श्रमिकों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।



स्वास्थ्य मंत्री अबितकर ने बताया कि सरकार द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों से मुंबई में कई मिल मजदूरों को उनके घर मिल चुके हैं, और शेष मजदूरों को भी जल्द आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। उन्होंने सेंचुरी, एनटीसी और अन्य मिलों से जुड़े मजदूरों के आवास कार्यों में तेजी लाने पर बल दिया। साथ ही शेलू (कर्जत) और कारव (ठाणे) में आवास परियोजनाओं के लिए सहमति देने वाले श्रमिकों का एक बार फिर सत्यापन करने और पात्रता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। मंत्री अबितकर ने सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ समय पर कार्य पूर्ण कर मिल श्रमिकों को उनका उचित आवास उपलब्ध कराने का आदेश दिया।

# मुंबई महानगर में सीएनजी आपूर्ति बहाल

## शहर के सभी पंप फिर से खुले

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई में सीएनजी की कमी के कारण सोमवार और मंगलवार को यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ था। रिक्शा, टैक्सी, स्कूल बसें और निजी वाहन घंटों तक सीएनजी पंपों पर लाइन में खड़े रहे। हालांकि, महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) ने अब पुष्टि की है कि शहर में सीएनजी की आपूर्ति पूरी तरह बहाल हो गई है और सभी 391 पंप सामान्य दबाव पर कार्यरत हैं।रविवार को ट्रॉम्बे के आरसीएफ इलाके में गेल की मुख्य गैस पाइपलाइन में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके कारण वडाला स्थित एमजीएल के सिटी गेट स्टेशन (सीजीएस) पर गैस सप्लाई रुक गई। इस खराबी का असर मुंबई महानगर क्षेत्र के कई पंपों पर पड़ा। सामान्य 200–250 किग्रा/वर्ग सेमी के मुकाबले दबाव 140–150 तक गिर गया था, जिससे अधिकांश पंपों पर सप्लाई बाधित हो गई।

### तकनीकी समस्या दूर, पंपों पर फिर से बढ़ा दबाव



मंगलवार शाम से सीएनजी पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लगने लगी थीं। हालांकि, पूरी तकनीकी समस्या दूर होने के बाद एमजीएल ने कहा कि सभी पंपों पर अब स्थिर और पर्याप्त दबाव के साथ सीएनजी उपलब्ध है। इससे शहर में सीएनजी वाहनों की आवाजाही धीरे-धीरे सामान्य हुई और अब कोई सप्लाई बाधा नहीं है। सीएनजी की आपूर्ति ठप होने से रिक्शा और टैक्सी चालकों को तीन दिनों तक भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

# प्रोवोग इंडिया में 90 करोड़ की धोखाधड़ी का खुलासा

## पूर्व निदेशक, कर्मचारी और अन्य पर मामला दर्ज




डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने प्रोवोग इंडिया लिमिटेड में करीब 90 करोड़ रुपये की कथित वित्तीय धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। कंपनी के पूर्व प्रबंध निदेशक की शिकायत पर पूर्व निदेशक, एक पूर्व कर्मचारी और दो अन्य व्यक्तियों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और साजिश का केस दर्ज हुआ है। जांच तेजी से आगे बढ़ रही है।

### संपत्तियों का मूल्य जानबूझकर घटाया

अधिकारियों के अनुसार, आरोपी समूह ने मिलकर कंपनी की संपत्तियों का मूल्य जानबूझकर कम करके दिखाया। इससे कंपनी के वास्तविक बाजार मूल्य को भारी नुकसान पहुंचा और नीलामी प्रक्रिया पर भी सीधा असर पड़ा। आरोप है कि नीलामी को जानबूझकर दो साल तक लंबित रखा गया, ताकि कीमतें और गिरें और आरोपी सस्ते दाम पर खरीदारी कर सकें।

### किन-किन पर दर्ज हुआ मामला

जिन लोगों पर मामला दर्ज किया गया है, उनमें पूर्व निदेशक राकेश रावत, पूर्व कर्मचारी समीर खंडेलवाल, समाधान पेशेवर अमित गुप्ता, और नए खरीदार अर्पित खंडेलवाल शामिल हैं। इनके अलावा Plutus Investments and Holdings Ltd. और कुछ अज्ञात व्यक्तियों को भी आरोपी बनाया गया है। प्रोवोग इंडिया लिमिटेड मुंबई स्थित एक प्रमुख फैशन ब्रांड है, जो पुरुषों और महिलाओं के परिधान और एक्सेसरीज़ का निर्माण व बिक्री करता रहा है।

### 2018 से 2023 के बीच हुआ घपला

शिकायतकर्ता और पूर्व प्रबंध निदेशक निखिल चतुर्वेदी (55) ने बताया कि यह अनियमितताएं वर्ष 2018 से 2023 के बीच हुईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए EOW ने विस्तृत जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी आरोपों की गहन जांच जारी है और जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कर्जदारों की रकम में भी गड़बड़ी

जांच अधिकारियों के अनुसार, संपत्तियों का मूल्य घटाने के साथ-साथ आरोपियों ने कर्जदारों को मिलने वाली रकम को भी रोका और अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया। इससे कंपनी और उसके हितधारकों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा।

# शिंदे को जाग जाना चाहिए: शरद पवार गुट

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों से पहले महायुति गठबंधन में तनाव बढ़ता दिख रहा है। राकांपा (शरद पवार) ने दावा किया कि एकनाथ शिंदे और भाजपा के बीच खटास बढ़ रही है। पार्टी प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने कहा कि शिंदे को दीवार पर लिखी इबारत पढ़ लेनी चाहिए क्योंकि भाजपा अब उन्हें अपमानजनक तरीके से बाहर का रास्ता दिखाने की तैयारी में है।



क्रैस्टो ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा शिवसेना नेताओं पर खरीद-फरोख्त को लेकर की गई फटकार सुनियोजित लगती है। उनका दावा है कि भाजपा अब शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना को अपने लिए ज़रूरी नहीं मानती। इससे पहले शिवसेना के मंत्रियों ने कैबिनेट बैठक का बहिष्कार किया था और आरोप लगाया था कि भाजपा उनके नेताओं को तोड़ने की कोशिश कर रही है। कैबिनेट बैठक में केवल मुख्यमंत्री शिंदे शामिल हुए थे, जिसके बाद शिवसेना के मंत्रियों ने फडणवीस से शिकायत की। बैठक में यह तय हुआ कि महायुति के दल एक-दूसरे के नेताओं को नहीं तोड़ेंगे, लेकिन फडणवीस ने यह भी कहा कि जब शिवसेना दूसरे दलों के नेताओं को अपने पाले में लाती है, तो उसे भाजपा पर सवाल नहीं उठाने चाहिए।

# कांदिवली शताब्दी अस्पताल में ईसीजी विभाग बंद, सेवा बाधित

**मुंबई।** कांदिवली स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर शताब्दी अस्पताल में ईसीजी तकनीशियन के छुट्टी पर जाने के बाद ईसीजी विभाग अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। इसके चलते इलाज के लिए आने वाले मरीजों को मजबूरन मलाड के एम. डब्ल्यू. देसाई अस्पताल या बोरीवली के भगवती अस्पताल भेजा जा रहा है। इससे मरीजों को अतिरिक्त परेशानी और देर का सामना करना पड़ रहा है। मुंबई महानगरपालिका के



उपनगरीय अस्पतालों में तकनीशियन और अन्य पदों के लंबे समय से रिक्त रहने से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। शताब्दी अस्पताल में ईसीजी तकनीशियन के दो पद स्वीकृत हैं, जिनमें सिर्फ एक पद भरा हुआ था। पहले ही ईसीजी केवल सुबह के सत्र में ही ली जा रही थी, जबकि रात की पाली में डॉक्टर और नर्सें यह जिम्मेदारी संभाल रहे थे।


### पब्लिक नोटिस

आम जनता को बताया जाता है कि मेरी क्लाइंट श्रीमती अमृता अजिंक्य देसाई, जो एडल्ट हैं, उनका लक्ष्मी नारायण होटल प्राइवेट लिमिटेड और इसकी सभी जगहों पर जॉइंट ओनरशिप, शेयर राइट, टाइटल, इंटरेस्ट है, जिसमें नीचे बताई गई जगहें भी शामिल हैं। वे ग्राउंड फ्लोर पर कमर्शियल जगह की मालिक हैं, जिसका नाम "होटल सिंधुदुर्ग" है, जो सीता अपार्टमेंट, राम मारुति रोड, शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन के पास, दादर (वेस्ट), मुंबई - 400 028 नाम की ज़मीन के प्लॉट और बिल्डिंग में है, जिसका साइज़ लगभग 1000 sq. feet (कारपेट एरिया) है। यह रेवेन्यू विलेज-माहिम डिवीज़न में, मुंबई शहर के रजिस्ट्रेशन डिस्ट्रिक्ट में म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ़ ग्रेटर मुंबई की म्युनिसिपल लिमिट के अंदर TPS IV माहिम के फ़ाइनल प्लॉट नंबर 128 वाली ज़मीन के टुकड़े पर है।

आम जनता को बताया जाता है कि मेरे ऊपर बताए गए क्लाइंट का नीचे बताई गई कमर्शियल प्रॉपर्टी पर जॉइंट ओनरशिप, शेयर, राइट, टाइटल, इंटरेस्ट और कब्ज़ा है। इस नोटिस के ज़रिए आम लोगों को बताया जाता है कि वे इस बारे में कोई भी डील, खरीद, मॉर्गेज, असाइन, लीज़, टेनेंसी, लीव एंड लाइसेंस या किसी भी तरह का डीड न करें। अगर इस पब्लिक नोटिस के बावजूद कोई भी डील करने की हिम्मत करता है, तो मेरे क्लाइंट न सिर्फ़ सिविल प्रॉसिक्यूशन शुरू करेंगे, बल्कि उनके ख़िलाफ़ डैमेज, कम्पेनसेशन, हैरेसमेंट और सभी लीगल चार्ज वगैरह के साथ क्रिमिनल केस भी चलाएंगे। यह भी देखा गया है कि कंपनी से सीधे और/या इनडायरेक्टली जुड़े कुछ लोग यह अफ़वाह फैलाने की कोशिश कर रहे हैं कि मेरी क्लाइंट, जिनका नाम **मिसेज़ अमृता अजिंक्य देसाई** है और जो इस कंपनी की डायरेक्टर हैं, ने डायरेक्टर के पद से इस्तीफ़ा दे दिया है, जो बिल्कुल झूठा, गुमराह करने वाला और बेकार बयान है और जिसे किसी भी समय सच नहीं माना जाना चाहिए। इसके उलट, ऐसे झूठ फैलाने वाले लोगों के ख़िलाफ़ अगली कार्रवाई में उनके काम के लिए क्रिमिनल एक्शन शुरू किया जाएगा।

**संपत्ति का विवरण**

"होटल सिंधुदुर्ग" में सभी बेनिफिशियल राइट, टाइटल या इंटरेस्ट, जो ज़मीन के प्लॉट पर और सीता अपार्टमेंट, राम मारुति रोड, शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन के पास, दादर (वेस्ट), मुंबई - 400 028 नाम की बिल्डिंग में है, जिसका साइज़ लगभग 1000 sq. feet (कारपेट एरिया) है। यह रेवेन्यू विलेज - माहिम डिवीज़न में, TPS IV माहिम के फ़ाइनल प्लॉट नंबर 128 वाली ज़मीन के टुकड़े पर है, जो मुंबई शहर के रजिस्ट्रेशन डिस्ट्रिक्ट में ग्रेटर मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की म्युनिसिपल लिमिट के अंदर है, जिसे लक्ष्मी नारायण होटल्स प्राइवेट लिमिटेड मैनेज करता है। इसके बावजूद, अगर मेरे क्लाइंट की एक्टिव भागीदारी के बिना ऊपर बताई गई प्रॉपर्टी के संबंध में ऐसे कोई भी काम, डीड, मैटर या चीज़ें बनाई जाती हैं, तो वे मेरे क्लाइंट पर लागू नहीं होंगी और उनका पूरा रिस्क और खर्च उस व्यक्ति पर होगा, कृपया ध्यान दें।

तारीख 21 नवंबर, 2025.

हस्ता/-
लॉ सुप्रीमस
द्वारा पार्टनर एडवोकेट आकाश के कोटेचा एडवोकेट्स एंड कंसल्टेंट्स. ऑफिस नंबर 36, जय गणेशजी CHSL, प्लॉट नंबर 34, सेक्टर 36, कामोठे, नवी मुंबई, 410209.
**मोबाइल:** 8097008097 lawsupremus39@gmail.com

### पश्चिम रेलवे

**उल्लंघन हटाने तथा डिस्मैंटल एवं साफ-सफाई का कार्य**

उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता (निर्माण), द्वितीय मंज़िल, एनेक्स बिल्डिंग, डीआरएम कार्यालय, प्रतापनगर, पश्चिम रेलवे, वडोदरा – 390004 **निविदा सूचना क्र.: S&T/C/BRC/148/2025-26, दिनांक 17.11.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम एवं स्थान:** "विष्वामित्री – डभोई सेक्शन (वडोदरा डिवीजन, पश्चिम रेलवे) में डबलिंग प्रोजेक्ट के संबंध में मृदा कार्य एवं पुल कार्य को सुगम बनाने हेतु मौजूदा सिग्नल एवं टेलीकॉम उपकरणों जैसे कि भूमिगत केबल, ओएफसी, लोकेशन बॉक्स एवं लेवल क्रॉसिंग गेट उपकरणों को शिफ्ट करने, उल्लंघन हटाने तथा डिस्मैंटल एवं साइट की सफाई का कार्य।" **कार्य की अनुमानित लागत:** 5,94,11,572.60 **ईएमडी:** 4,47,100/- **टेंडर जमा करने की तिथि व समय:** 10.12.2025 तक 15:00 बजे **टेंडर खोलने की तिथि व समय:** 10.12.2025 को 15:30 बजे अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट देखें: www.ireps.gov.in

0804

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

### खोया हुआ

**मैं, मिसेज संगीता सुरेश झाड़े,** मेरे पिता का नाम **हरनामसिंह भाटिया** है, उनका ओरिजिनल डेथ सर्टिफिकेट वर्सोवा, मुंबई 400069 में मुझसे खो गया है/गुम हो गया है। मैंने वर्सोवा पुलिस स्टेशन में पुलिस कंप्लेंट भी दर्ज कराई है, जिसका **कंप्लेंट नंबर 111182/2025 है, तारीख 20/11/2025** है। अगर किसी को मिले तो कृपया मुझसे कॉन्टैक्ट करें।

**संगीता सुरेश झाड़े**
पता कदम चॉल,
कांतिलाल कंपाउंड, पंप हाउस,
अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400 093
**मो: 9082771097**

### मध्य रेल

सोलापुर मंडल

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल स्टोर कार्यालय मध्य रेलवे, सोलापुर, निम्नलिखित कार्यों के लिए सक्षम, प्रतिष्ठित फर्मो/ठेकेदारों से रेलवे की ई-प्रोक्योरमंट वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइल ई-निविदाएं आमंत्रित करता है। **टेडर नंबर: 96255634. विवरण:** 6400 मिमी ओ/आर (कर्व्ड) फैन आकार के स्विच 1 इन 8.5, पीएससी स्लीपर्स पर बीजी (1673 मिमी) के लिए टी/आउट 60 किलोग्राम का निर्माण और आपूर्ति, आरडीएसओ ड्राइंग नं. टी-4966 संशोधन 7. **मात्रा:** 30 सेट. **बयाना राशि (I N R):** रु. 2,50,560/-. **www.ireps.gov.in पर निविदा बंद होने की तिथि और समय: 01.12.2025 11:30 के बाद.** संभावित निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे निविदा समाप्ति की तिथि से पहले वेबसाइट पर बार-बार विजिट करते रहें ताकि इस निविदा के लिए जारी किए गए किसी भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र पर ध्यान दिया जा सके. वेबसाइट: **www.ireps.gov.in**

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक
म.रे. सोलापुर
Akar/Sur-73

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

### मध्य रेल

**संशोधन कार्य**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर (क.च. स्टा.) ईएमयु कुर्ला कारशेड मध्य रेल मुंबई – 400070 प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली ई-निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित करते हैं। **खुली ई-निविदा सूचना क्र. कुर्ला_आर_एस_वर्क्स_2025_06A, दि. 17.11.2025. कार्य का विवरण:** मौजूदा 12 डिब्बों वाली ट्रेन को 15 डिब्बों वाली ट्रेन में, कार्यक्षेत्र के अनुसार संशोधनों के साथ बदलना - मात्रा 20 रेक (15 डिब्बों वाली रेक) (यांत्रिक कार्य)। **कार्य की औसत लागत:** रु. 4,67,96,244/- (जीएसटी सहित)। **बोली प्रतिभूति:** रु. 3,84,000/-. **वैधता:** 60 दिन। **समापन अवधि:** 12 महीने। **अनुदेश: 1. उपरोक्त निविदा 09.12.2025 को 11:00 बंद हो जायेगी तथा उसके बाद 11:15 को खोली जाएगी। 2.** भावी निविदाकर्ताओ से अनुरोध है कि निविदा के विवरण एवं शुद्धीपत्र (यदि कोई हो तो) की अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। **3.** निविदाकर्ता केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपरोक्त ई-निविदा में भाग ले सकते हैं और ई-निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है। मैन्युअल रूप से प्रस्तुत किए जाने पर न तो खोला जाएगा और न ही उस पर विचार किया जाएगा। **4.** आगे की अधिक जानकारी के लिए वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर (क.च. स्टा) ई एम यु कुर्ला कारशेड मध्य रेल मुंबई - 400070 पर संपर्क कर सकते हैं। **5.** औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) द्वारा 'स्टार्टअप' के रूप में मान्यता प्राप्त किसी भी फर्म को ऊपर वर्णित बोली सुरक्षा के भुगतान से छूट दी जाएगी। श्रम सहकारी समितियां ऊपर वर्णित उपरोक्त बोली सुरक्षा का केवल 50% ही जमा करेंगी। अधिक जानकारी के लिए जीसीसी कार्य 2022 या इसके नवीनतम संशोधन देखें। 6. यह निविदा सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017 दिनांक 15.06.2017 का अनुपालन करती है।

AK-675

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है


# प्रदेश की 45 आईटीआई में स्थापित होंगी सर्वसुविधायुक्त प्रयोगशालाएं




**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार राज्य के युवाओं को रोजगारोन्मुखी औद्योगिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए बड़े स्तर पर कदम उठा रही है। इसी के तहत 45 आईटीआई संस्थानों में 'लाइट व्हीकल टेक्नीशियन' पाठ्यक्रम के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ स्थापित की जाएँगी। इस पहल से लगभग आठ हज़ार छात्रों को प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और वैश्विक बाज़ार में उनकी मांग भी बढ़ेगी। कौशल विकास मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा के मार्गदर्शन में व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण निदेशालय की निदेशक माधवी सरदेशमुख और टोयोटा-किर्लोस्कर कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विक्रम गुलाठी के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। कंपनी अगले पाँच वर्षों में 45 आईटीआई में आधुनिक प्रयोगशालाएँ स्थापित करेगी ।

# देवेंद्र फडणवीस शैडो मुख्यमंत्री: हर्षवर्धन सपकाल

**मुंबई/नागपुर।** उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात पर महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा-महायुती ने महाराष्ट्र का स्वाभिमान गुजरात के हाथों गिरवी रख दिया है। देवेंद्र फडणवीस शैडो मुख्यमंत्री की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि राज्य के सभी फैसले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लेते हैं। सपकाल ने आरोप लगाया कि गैंग्स ऑफ ट्रिपल इंजन सरकार गुटबाजी से टूट रही है, जिसके चलते नेताओं को बार-बार दिल्ली जाना पड़ता है।




### गठबंधन पर स्थानीय स्तर को अधिकार

मनसे के साथ गठबंधन को लेकर सपकाल ने स्पष्ट किया कि मुंबई या महाराष्ट्र कांग्रेस की ओर से कोई प्रस्ताव नहीं भेजा गया है। उन्होंने कहा कि गठबंधन का अधिकार स्थानीय स्तर पर है और मुंबई महानगरपालिका चुनाव पार्टी अपने दम पर लड़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के बाहर कोई दल साथ आना चाहता है तो प्रस्ताव देगा और उस पर राष्ट्रीय स्तर पर निर्णय लिया जाएगा। शिवसेना की स्वतंत्र नीति को भी उन्होंने स्वीकार किया।

### 'गली-गली में शोर है, चुनाव आयोग चोर है'

नागपुर में मीडिया से बातचीत में सपकाल ने कहा कि देशभर में 'गली-गली में शोर है, चुनाव आयोग चोर है' का नारा गूंज रहा है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि नागरिक और मीडिया—दोनों की जिम्मेदारी का है। इसलिए राहुल गांधी की लड़ाई को मजबूत करने के लिए सभी आवाज उठाएं और लोकतंत्र की रक्षा में योगदान दें।

### "कांग्रेस को महाराष्ट्र धर्म मत सिखाएं"

मनसे के आरोपों पर पलटवार करते हुए सपकाल ने कहा कि मराठी अस्मिता और महाराष्ट्र धर्म की रक्षा करने की जरूरत कांग्रेस को किसी से सीखने की नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि पहली कक्षा से हिंदी अनिवार्य करने के प्रस्ताव का सबसे पहले विरोध कांग्रेस ने ही किया था। सपकाल ने कहा कि मराठी सिर्फ भाषा नहीं, बल्कि महाराष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान है। विदर्भ दौरे पर पहुंचे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष सपकाल ने अमरावती और अकोला जिलों में प्रचार सभाएं कीं।


### मध्य रेल

सोलापुर मंडल

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई निविदाएं आमंत्रित करते है। **1. ई-निविदा सूचना क्र. 42-2025-SrDENC. कार्य का नाम :** Provision of Rubberized surface at LC 31,70 in KWV-MRJ and at LC 03 in SUR-WD section. **अनुमानित लागत:** ₹ 89,45,687.25. **बयाना रक्कम:** ₹ 1,78,900/-. **समापन की अवधी:** 06 महिने. **अनुरक्षण की अवधी:** 60 महिने. **2. ई-निविदा सूचना क्र. 43-2025-SrDENC. कार्य का नाम :** Proposal for vegetation and jungle cleaning at various Railway Colonies, Offices and Service buildings in LUR-KWV, KWV-MRJ, BRB-KWV section twice a year for two years unders Sr. DEN(C)SUR. **अनुमानित लागत:** ₹ 2,55,56,017.28. **बयाना रक्कम:** ₹ 2,77,800/-.. **समापन की अवधी:** 24 महिने. **अनुरक्षण की अवधी:** Nil. **www.ireps.gov.in इस वेबसाइट पर टेंडर अपलोड करने की अंतिम दिनांक और समय: 08.12.2025** को **15:00 बजे तक. www.ireps.gov.in इस वेबसाइट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समय: 08.12.2025** को **15:30 बजे**. निविदाकारों से निवेदन है की कोई बदलाव/शुद्धिपत्र (यदि हो) के लिये Website: **www.ireps.gov.in** पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)
म.रे. सोलापुर
Akar/Sur-74

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

### बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**प्रमुख अभियंता (यांत्रिक व विद्युत) का कार्यालय**
पहली मंज़िल, वरळी इंजीनियरिंग कॉम्प्लेक्स,
डॉ. ई. मोज़ेस रोड, वरळी नाका, वरळी, मुंबई – 400018
क्र. प्र. अभि./यां. व वि./5257, दिनांक 20.11.2025

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका द्वारा नीचे उल्लिखित कार्यों के लिए योग्य बोलीदारों से आइटम रेट बेसिस पर ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। बोली शुरू होने की तारीख, समय और बोली समाप्ति की तारीख व समय का उल्लेख बृहन्मुंबई महानगरपालिका के "निविदा" विभाग के विस्तृत निविदा अधिसूचना में किया गया है। ई-निविदा बृहन्मुंबई महानगरपालिका के पोर्टल http://portal.mcgm.gov.in तथा NIC पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| विषय | 1. हिरानंदानी आकृती, लल्लुभाई कंपाउंड स्थित बिल्डिंग क्रमांक 17A, 575, 18A, 18B, 19A, 19B की लिफ्टों की मरम्मत का कार्य।<br>टेंडर नं.: 2025 MCGM 1249068 _1 |
| निविदा विक्री (Tender Sale) | 1. दिनांक 21.11.2025 सुबह 11.00 बजे से<br>दिनांक 28.11.2025 शाम 4.00 बजे तक |
| वेबसाइट | http://portal.mcgm.gov.in |
| कानूनी/ट्रेड नाम :<br>GSTIN क्र.: | बृहन्मुंबई महानगरपालिका<br>27AAALM0042L3Z4 |
| संपर्क:<br>(क) नाम:<br>(ख) दूरभाष क्रमांक:<br>(ग) मोबाइल नंबर:<br>(घ) ई-मेल: | कार्यकारी अभियंता (यांत्रिक – विद्युत परियोजना) – निर्माण विभाग<br>श्री मनोज एच. वानखेडे<br>24958153<br>9637341004<br>eemecheiconst.me@mcgm.gov.in |

उपरोक्त निविदाओं से संबंधित अधिक जानकारी हेतु इच्छुक निविदाकारों को http://portal.mcgm.gov.in इस वेबसाइट पर विज़िट करने की सलाह दी जाती है। निविदा संबंधित दस्तावेज़ डाक द्वारा जारी या स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता (यां. वि. प्र.)
निर्माण विभाग

पीआरओ/2334/विज्ञा./2025-26

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

## संपादकीय

# नक्सल के नासूर पर प्रहार

इसमें दो राय नहीं है कि शीर्ष माओवादी कमांडर हिडमा का मुठभेड़ में मारा जाना वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ देश की दशकों पुरानी लड़ाई में निर्णायक सफलताओं में से एक है। संगठन के शीर्ष नेतृत्व पर प्रहार से देश नक्सली हिंसा से मुक्ति की राह में कामयाबी की तरफ बढ़ा है। लगभग तीन दशकों तक हिडमा बस्तर में चौंकाने वाली रणनीतियों से बड़े हमलों को अंजाम देता रहा है। बताते हैं कि वह सुरक्षा बलों और नागरिकों पर हुए सबसे घातक हमलों का मास्टरमाइंड रहा है। छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश की सीमा पर सुरक्षा बलों द्वारा हिडमा व उसकी पत्नी समेत छह नक्सलियों को मार गिराना केंद्र सरकार की उस रणनीति की सफलता को दर्शाता है, जिसमें 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का लक्ष्य तय किया गया था। इसी साल मार्च में बीजापुर में जब 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था तब गृहमंत्री अमित शाह ने उनके फैसले का स्वागत करते हुए सभी का पुनर्वास करके, उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने की बात कही थी। निस्संदेह, हिडमा का सफाया नक्सलवादी संचालन ढांचे के खात्मे और भारत में उग्रवाद विरोधी तंत्र की एक महत्वपूर्ण जीत का संकेत है। गुरिल्ला आर्मी की बटालियन-1 के कमांडर के रूप में हिडमा का उदय- वंचित युवाओं की भर्ती करने, उन्हें प्रशिक्षित करने और हथियार बनाने की उग्रवादी क्षमता का प्रतीक रहा है। उसकी गिनती सबसे खूंखार नक्सलवादी कमांडर के रूप में होती रही है। अब वर्ष 2010 का दंतेवाड़ा हमला हो या 2013 का झीरम घाटी हमला, पिछले बीस वर्षों में हुए लगभग सभी बड़े नक्सली हमलों के पीछे हिडमा की रणनीति बतायी जाती है। वहीं दूसरी ओर इन हमलों ने भारत की सुरक्षा रणनीति को नया रूप दिया। इससे पहले इसी साल मई में सुरक्षाबलों ने माओवादी संगठन के जनरल सक्रेटरी बसवराजू को भी मार गिराया था। वहीं इस साल विभिन्न मुठभेड़ों में तीन सौ से अधिक नक्सली मारे जाने से नक्सलवाद छोटे इलाके में सिमटा है। निस्संदेह, सुरक्षा बलों की तत्परता और सुनियोजित अभियानों से नक्सलवाद कमजोर जरूर हुआ है, लेकिन जरूरत उन परिस्थितियों को दूर करने की है, जिन्होंने नक्सलवाद को जन्म दिया। आवश्यकता उन मुद्दों के समाधान की है, जिसके चलते माओवाद को जड़ें जमाने का मौका मिला। बस्तर का अधिकांश क्षेत्र लगातार विकास की विसंगतियों, खनन से संसाधनों के मनमाने दोहन, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के कारण विस्थापन व जनजातीय समुदायों और राज्य के बीच विश्वास की कमी से जूझता रहा है। अभी भी आदिवासियों की बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं, गुणवत्तापूर्ण स्कूलों, भूमि अभिलेखों और कल्याणकारी योजनाओं तक पूरी तरह पहुंच नहीं बन पायी है। दूर-दराज के कई गांवों में ग्रामीणों को प्रशासन का अनुभव नागरिक संस्थानों के बजाय सुरक्षा बलों की मौजूदगी से ही होता है। दरअसल, विकास की नीतियों से जुड़े वायदों और हकीकत का अंतर ही आदिवासियों में असंतोष को बढ़ाता है। भले ही माओवाद का प्रभाव कम हो जाए। वास्तव में जब तक शासन जिम्मेदार, जवाबदेह और सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील नहीं बन पाता, तब तक माओवादी संस्कृति के पनपने की आशंकाएं बनी रहेंगी। दरअसल,क्षेत्र में तंत्र की अनुपस्थिति ने ही चरमपंथियों को आदिवासियों के रक्षक के रूप में पेश करने का मौका दिया। निस्संदेह, सुरक्षा बलों ने माओवाद के खात्मे की दिशा में बड़ा काम कर दिया है, अब राज्यों के पास इस रणनीतिक जीत को स्थायी शांति में बदलने का अच्छा अवसर है।

## शख्सियत — ज्ञानरंजन

### साठोत्तरी कथा-युग के शिल्पकार



ज्ञानरंजन (जन्म : 21 नवंबर, 1936) हिन्दी साहित्य के एक प्रसिद्ध कहानीकार तथा हिन्दी की सुप्रसिद्ध पत्रिका पहल के संपादक हैं। ज्ञानरंजन का जन्म 21 नवंबर 1936 को महाराष्ट्र के अकोला में हुआ था। बचपन और किशोरावस्था का अधिकांश समय अजमेर, दिल्ली एवं बनारस में बीता तथा उच्च शिक्षा इलाहाबाद में संपन्न हुई। लंबे समय से उनका स्थायी निवास मध्यप्रदेश के जबलपुर में है। आज भी उनका प्रिय शहर इलाहाबाद ही है। जबलपुर का स्थान उसके बाद ही आता है।

ज्ञानरंजन साठोत्तरी पीढ़ी के सर्वश्रेष्ठ कहानीकारों में से एक के रूप में मान्य हैं। साठोत्तरी पीढ़ी के 'चार यार' के रूप में प्रसिद्ध मंडली के चारों सदस्य — ज्ञानरंजन, दूधनाथ सिंह, काशीनाथ सिंह एवं रवीन्द्र कालिया — में से सबसे पहले सर्वाधिक प्रसिद्धि ज्ञानरंजन को ही प्राप्त हुई; हालांकि ये चारों अपने ढंग के श्रेष्ठ कहानीकार रहे हैं। प्रकाशित संग्रह के रूप में ज्ञानरंजन के छह कहानी संग्रह प्रकाशित हुए हैं, लेकिन यह बहुचर्चित तथ्य है कि इनकी कहानियों की कुल संख्या 25 है, जो कि सपना नहीं नामक संकलन में एकत्र प्रकाशित हैं। कम लिखने के संबंध में अनेक लोगों ने अनेक तरह की बातें कही हैं। किसी ने अनुभव के चूक जाने की बात की, तो किसी ने अगली पारी से पहले का विराम माना, तो किसी ने पहल जैसी पत्रिका की संपादकीय विवशता; परंतु स्वयं ज्ञानरंजन की नजर में कहानी-लेखन बंद करने का प्रमुख कारण उनके अपने दृष्टिकोण से सर्वश्रेष्ठता की कसौटी ही रही है—जो भी लिखें, या तो सर्वोत्तम हो या फिर हो ही नहीं। यही कारण है कि पुस्तक रूप में प्रकाशित 25 कहानियों में से किसी एक कहानी को भी किसी मान्य समीक्षक ने कमजोर या उपेक्षा के योग्य के रूप में विवेचित नहीं किया। ज्ञानरंजन साठोत्तरी पीढ़ी के लेखक हैं और अकहानी में शामिल लेखकों के मित्र भी। इसके बावजूद 'अकहानी' को दुःखद परिणति तक पहुँचाने वाली न्यूनताओं से उनकी कहानियाँ प्रायः मुक्त रही हैं। उनकी एक सुप्रसिद्ध कहानी घंटा की समीक्षा करते हुए हिंदी कहानी के शीर्षस्थ समीक्षक सुरेन्द्र चौधरी ने लिखा था कि कथानकहीनता के सादृश्य के बावजूद 'अकहानी' के संयोजन से घंटा का संयोजन अनिवार्यतः भिन्न है। घंटा में मानव-संबंधों की विडंबना प्रत्यक्ष है। मानव-संबंधों की विडंबना की यह कहानी पूरे समय की विडंबना से गुजर जाती है। चौधरी जी के इस विवेचनात्मक कथन में अनायास ही कहानी-समीक्षा का एक प्राथमिक परंतु व्यापक प्रतिमान भी झलक उठता है। ज्ञानरंजन की अधिसंख्य कहानियों में स्पष्ट दिखने वाली वैयक्तिकता रचनात्मकता के ही रास्ते जिस सफलता से सामाजिक हो जाती है, वह उनकी निजी और खास विशेषता है। घंटा के अतिरिक्त संबंध, पिता, बहिर्गमन, फेंस के इधर और उधर आदि कहानियों ने भी एक तरह से अपने नाम का प्रतिमान रच डाला है। कहानियों के अतिरिक्त अन्य विधाओं में भी ज्ञानरंजन ने जमकर नहीं लिखा है। मन की तरंगों के अनुरूप एकाध फुटकल रचनाएँ ही जब तब होती रही हैं। संस्मरण, व्याख्यान, संपादकीय, रचनात्मक निबंध, साक्षात्कार, अखबारी टिप्पणियाँ तथा एक उपन्यास-अंश आदि के साथ एक पत्र का संकलन भी उनकी पुस्तक कबाड़खाना में संकलित है। इसके अतिरिक्त मुख्यतः व्याख्यानों/वक्तव्यों एवं साक्षात्कारों के साथ कुछ अन्य विधाओं की रचनाओं की एक पुस्तक उपस्थिति का अर्थ नाम से प्रकाशित हुई है। तात्पर्य यह कि संख्यात्मक रूप में तो ज्ञानरंजन की कुल जमा-पूँजी तीन पुस्तकों में सिमट गई है, लेकिन गुणात्मक रूप में वे लंबे समय से प्रायः सभी मान्य समीक्षकों के द्वारा हिंदी के सर्वश्रेष्ठ कहानीकारों में से एक के रूप में मान्य रहे हैं।

ज्ञानरंजन की कहानियाँ भारतीय भाषाओं के अतिरिक्त अनेक विदेशी भाषाओं में भी अनूदित हो चुकी हैं। भारतीय विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त ओसाका, लंदन, सैन फ्रांसिस्को, लेनिनग्राद और हाइडेलबर्ग आदि के अनेक अध्ययन केंद्रों के पाठ्यक्रमों में भी इनकी कहानियाँ शामिल हैं। लंदन पेंग्विन्स की भारतीय साहित्य की एन्थोलॉजी में भी इनकी कहानी सम्मिलित है।

# जेन-जी आंदोलन अन्य वैश्विक देशों में विस्तारित



संजीव ठाकुर
वरिष्ठ पत्रकार लेखक, चिंतक, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़



जेन जी की विद्रोही चेतना नेपाल की शांत पर्वतीय वादियों से उठकर अब मेक्सिको तक पहुंच गई है नेपाल में जहां अब तक 10 अरब का नुकसान हो चुका है वहीं दूसरी तरफ युवाओं ने नेपाल में सत्ता परिवर्तन भी कर दिया है। युवाओं के विद्रोह की यह ज्वाला मेक्सिको सिटी समेत कई अन्य स्थानों पर पहुंच चुकी है। मेक्सिको देश में युवा प्रर्दशन कारियों ने पुलिस पर पत्थरों और लाठियां से हमला किया पुलिस के हथियार छीन लिए। मेक्सिको के सुरक्षा सचिव पाब्लो बाज्कवेज के अनुसार लगभग 120 लोग घायल हुए हैं जिसमें 100 पुलिस कर्मचारी हैं।

मेक्सिको के युवाओं का कहना है कि वह भ्रष्टाचार एवं हिंसक अपराधों के लिए दंड से मुक्ति जैसी समस्याओं से निराशा है 1 नवंबर को मेक्सिको में वहां के महापौर कार्लोस मंजो की एक सार्वजनिक सभा में गोली मारकर हत्या कर दी गई इससे युवा वर्ग काफी आक्रोश में है मेक्सिको के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड सेलिनास ने युवाओं के समर्थन में संदेश प्रसारित किया है। उल्लेखनीय है कि नेपाल में 1990 के दशक के अंत हुआ 2010 के प्रारंभ के बीच जन्मे लोगों ने इस वर्ष देश में असमानता अलोकतांत्रिक भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन किया नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के बाद सितंबर में सबसे बड़ा जेन जी आंदोलन हुआ था जिसके कारण देश के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा था। इसके अलावा (बेरोजगारी भ्रष्टाचार और आर्थिक असमानता से त्रस्त युवा पीढ़ी ने अब तक पिछले 1 साल में केन्या, बेडगास्कर, मोरक्को और बहुत बोत्सवाना जैसे देश में प्रदर्शन कर चुकी है) फिलिपींस में भी युवाओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ भारी प्रदर्शन किया है। यह उग्र प्रदर्शन नेपाल से निकलकर मेक्सिको की उग्र वास्तविकताओं तक पहुँच गया है, और यह यात्रा केवल प्रेरणा-के लिए नहीं बल्कि आज की दुनिया के तथ्यों और संवेदनशील अनुभवों का दस्तावेज़ बन जाती है। जब उन्होंने नेपाल में संघर्षग्रस्त पहाड़ों और विस्थापितों की पीड़ा दिखि, तब उन्हें समझ आया था कि यह सम्राज्य-कालीन या एक-देशीय व्यवस्था का प्रश्न नहीं बल्कि मानव अस्तित्व का प्रश्न है। इतने अनुभवों के बाद जब वे मेक्सिको पहुँचे, उन्होंने वहाँ न केवल पृष्ठभूमि समझी बल्कि ताज़ा घटनाओं में खुद उनकी आँखें गहरी उतर गईं — जैसे कि 2025 के उस भयानक मर्डर-वेव ने, जिसमें सिनालोआ राज्य में कार्टेल विद्रोह ने नए स्तर छू लिये। जून 2025 में 20 लोग मारे गए उनमें से चार शव एक पुल पर लटकाये गए, 16 शव एक वैन में मिले, उनमें से एक का सिर एक बैग में था। इस अत्याचार ने जेनरीय कानूनी एवं सुरक्षा नीतियों पर सवाल खड़े कर दिए कि क्या राज्य प्रणाली उन लुटी हुई जानों को बचा पाने में सक्षम है। जैन जी ने ऐसे दृश्य कल्पना नहीं किये थे लेकिन वहाँ जब उन्होंने स्थानीय लोगों की आँखों में भय देखा, जब उन्होंने उन परिवारों से मिले जिनके प्रियजन "गायब" हैं, तब उन्होंने महसूस किया कि उनके नेपाल-और-तुर्की अनुभव इस मेक्सिको की क्रूर हकीकत से कलात्मक रूप से नहीं बल्कि वास्तविक रूप से जुड़े हैं।

मेक्सिको में हाल-फ़िलहाल की घटनाओं में एक और उल्लेखनीय तथ्य है कि देशव्यापी प्रदर्शनों की लहर उठी है, नवंबर 2025 में मेक्सिको सिटी सहित कई शहरों में हजारों युवा और अन्य नागरिक सड़कों पर उतरे, उन्होंने बढ़ती अपराध, भ्रष्टाचार और सत्ताधारी ढांचे की चुप्पी के खिलाफ आवाज़ उठाई। इस आंदोलन में मुख्य रूप से जनरेशन जी नामक समूह सामने आया, जिसने एक 12-बिंदु मांग-पटल जारी किया और कहा कि उनके लिए यह सुरक्षा का नहीं, न्याय का आंदोलन है। यह जैन जी जैसे विचारकों के लिए एक साझी स्पर्श बिंदु बन गया—उन्होंने महसूस किया कि विद्रोह की प्रेरणा से कहीं बढ़कर यह दायित्व बन जाता है कि हम मात्र पीड़ा देखें नहीं बल्कि उसे व्यक्त करें, साझा करें, उसका सामना करें।

मेक्सिको में एक अन्य भयावह तथ्य यह है कि कार्टेल्स ने अब सिर्फ ड्रग कारोबार नहीं चलाया बल्कि गायब कर देना, बलात्कार-हत्या, मास ग्रेव जैसे जुल्म-रूपों को अपनाया है। उदाहरण के लिए जेलिस्को राज्य में 2025 मार्च में उस "रैंचो इज़ागुइरे" नामक स्थल की खोज की गई, जिसे 'निलंबन-शिविर' के रूप में देखा गया,जहाँ हज़ारों जूतों, कपड़ों, मानव अवशेषों के अवशेष मिले, तथा सक्रिय भर्ती-संकुल के संकेत मिले। जैन जी ने जब उस स्थल की रिपोर्ट-लाइन पढ़ी तो उन्होंने इसे सिर्फ अपराध की कथा नहीं माना बल्कि लोकतंत्र और नागरिक संरक्षण की विफलता का प्रतीक माना। उन्होंने देखा कि कैसे सामान्य युवाओं को "सुरक्षा गार्ड" की नौकरी का झांसा देकर वहां बुलाया जाता था, फिर उनका रास्ता कट जाता था। यह नेपाल में उनके देखे गये विस्थापन-संकट से कितना भिन्न और कितना समान था—भिन्न इसलिए कि वहां सरकारी युद्ध-स्थिति थी, समान इसलिए कि दोनों जगह नागरिक को उसके अधिकार से वंचित किया गया था।

वे यह भी जान पाए कि मेक्सिको सरकार ने इन चुनौतियों के बीच कुछ कदम उठाए हैं। उदाहरण के लिए, अमेरिका के साथ सहयोग बढ़ा है—2025 की गर्मियों में मेक्सिको ने 26 ड्रग ट्रेडर्स को अमेरिकी जेलों में स्थानांतरित किया था, लगभग 1000 सैन्य एवं पुलिसकर्मियों को इस ऑपरेशन में तैनात किया गया था। यह एक संकेत है कि जैन जी का वैश्विक दृष्टिकोण "विद्रोह अकेले नहीं बनेगा" बात सही है वैश्विक शक्ति-संघ भी पीड़ा के सामने आ रही है। पर यह भी सच है कि सहयोग बढ़ने के बावजूद स्थिति में तत्काल सुधार नहीं दिखा—कार्टेल युद्ध, गायब व्यक्तियों की संख्या, और मानवाधिकार उल्लंघन जारी हैं।

## जीवन मंत्र

# कोई परिपूर्णता नहीं है, केवल जीवन है

परिपूर्णता का दबाव इंसान को थका देता है। यह हमें तुलना, डर और असंतोष में ले जाता है। लेकिन जब हम यह समझते हैं कि दुनिया में कोई भी व्यक्ति—चाहे कितना भी सफल क्यों न हो—पूर्ण नहीं है, तब हम खुद को स्वीकार करना सीखते हैं। अपनी गलतियों को समझना और उनसे सीख लेना ही विकास का असली मार्ग है।

हम सभी अपने जीवन में पूर्णता की खोज करते हैं—परफेक्ट नौकरी, परफेक्ट रिश्ता, परफेक्ट शरीर, परफेक्ट सफलता। लेकिन सच यह है कि जीवन में परिपूर्णता जैसी कोई चीज़ होती ही नहीं। जो कुछ है, वह जीवन की निरंतर धारा है—उतार-चढ़ाव, जीत-हार, खुशी-ग़म, सबका मेल। परिपूर्णता एक कल्पना है, जबकि जीवन एक वास्तविकता है। और वास्तविकता हमेशा बदलावों, अनुभवों और सीखों से बनी होती है। जब हम परिपूर्णता के पीछे भागते हैं, तो हम अपने जीवन की सुंदरता को महसूस ही नहीं कर पाते। हम सोचते हैं कि सब कुछ बिल्कुल ठीक होने के बाद ही हम खुश होंगे, लेकिन 'सब कुछ ठीक' कभी आता ही नहीं। जीवन हमेशा कुछ न कुछ नया प्रस्तुत करता रहता है—कभी चुनौतियाँ, कभी अवसर। इसलिए उतार-चढ़ाव को स्वीकार करना ही जीवन को समझना है। जब हम यह मान लेते हैं कि अपूर्णता भी जीवन का हिस्सा है, तब हमें हर छोटे अनुभव में अर्थ और संतोष मिलना शुरू हो जाता है।

परिपूर्णता का दबाव इंसान को थका देता है। यह हमें तुलना, डर और असंतोष में ले जाता है। लेकिन जब



हम यह समझते हैं कि दुनिया में कोई भी व्यक्ति—चाहे कितना भी सफल क्यों न हो—पूर्ण नहीं है, तब हम खुद को स्वीकार करना सीखते हैं। अपनी गलतियों को समझना और उनसे सीख लेना ही विकास का असली मार्ग है। परिपूर्णता नहीं, बल्कि प्रगति ही जीवन का असली लक्ष्य होना चाहिए। जो व्यक्ति इस बात को समझता है, वह स्वयं के प्रति अधिक दयालु, संतुलित और शांत हो जाता है।

यह वाक्य हमें यह भी सिखाता है कि जीवन का आनंद तभी मिलता है, जब हम उसे उसके प्राकृतिक रूप में स्वीकार करते हैं। जीवन एक यात्रा है, मंज़िल नहीं। इसमें कुछ पल बेहद खूबसूरत होते हैं और कुछ पल कठिन, लेकिन दोनों ही आवश्यक हैं। यदि सब कुछ परिपूर्ण हो जाए, तो सीखना, बढ़ना, महसूस करना—सब खत्म हो जाएगा। असल में अपूर्णता ही जीवन को जीवंत, रोचक और अनुभवपूर्ण बनाती है। हर असफलता, हर संघर्ष, हर खुशी—सब मिलकर जीवन को संपूर्ण बनाते हैं।

अंत में, यह पंक्ति हमें सरल संदेश देती है—परिपूर्ण बनने की कोशिश में जीवन को मत खोओ। जीवन को जैसे है, वैसे स्वीकार करो। इसमें गिरना, उठना, सीखना, आगे बढ़ना—all are part of the journey. परिपूर्णता की कहानी केवल किताबों में होती है; असली जीवन उन लोगों का है जो अपूर्ण होते हुए भी पूरी ईमानदारी से जीते हैं।

## जीवन ऊर्जा

ठाकुर केसरी सिंह बारहठ : जन्म- 21 नवंबर 1872 — जन्म

# संघर्ष ही वीर को परखता है, राह कठिन हो तो कदम और दृढ़ रखो

ठाकुर केसरी सिंह बारहठ (21 नवंबर 1872 - 14 अगस्त 1941) राजस्थान राज्य के एक भारतीय क्रांतिकारी नेता , स्वतंत्रता सेनानी और शिक्षक थे। वे मेवाड़ ( उदयपुर राज्य ) के महाराणा के मुख्य सलाहकार थे । वे सौदा बारहठ परिवार के कुलपिता थे, जिसके सदस्यों (उनके पुत्र कुंवर प्रताप सिंह बारहठ और उनके भाई ठाकुर ज़ोरावर सिंह बारहठ सहित) ने ब्रिटिश-विरोधी गतिविधियों में भाग लिया था। बारहठ को राजस्थान केसरी के नाम से भी जाना जाता था ।

आराम और सुविधा के समय में कोई भी मजबूत दिखाई दे सकता है, लेकिन जब जीवन मुश्किलें खड़ी करता है, तब ही पता चलता है कि व्यक्ति अंदर से कितना साहसी, धैर्यवान और मजबूत है। संघर्ष व्यक्ति की छिपी हुई शक्ति को बाहर लाता है और उसे अपने वास्तविक सामर्थ्य से परिचित कराता है।

जब राह कठिन हो जाती है, तो मन में डर, निराशा और हार मान लेने का विचार आना स्वाभाविक है। लेकिन यही वह क्षण होता है जब कदम रुकने नहीं चाहिए। कठिनाइयाँ अक्सर हमें पीछे धकेलने के लिए नहीं आतीं, बल्कि हमें नए अनुभव देने, हमारी सोच को निखारने और हमें पहले से मजबूत बनाने के लिए आती हैं। जो लोग मुश्किल



समय में अडिग रहते हैं, वही आगे चलकर प्रेरणा बनते हैं। दृढ़ कदम, यानी अपने निर्णयों पर टिके रहना, ही हमें लक्ष्य तक पहुँचाता है।

संघर्ष के समय इंसान अकेलापन, थकान और असफलता का भार भी महसूस करता है। लेकिन हर संघर्ष अपने भीतर एक सीख छुपाए रहता है। हर हार हमें कुछ नया सिखाती है — चाहे वह धैर्य हो, समय का मूल्य, या अपनी क्षमताओं को पहचानने की समझ। इन अनुभवों से इंसान की सोच गहरी होती है और उसका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इसलिए कठिन रास्ते हमें गिराने के लिए नहीं, बल्कि और ऊँचे उठाने के लिए होते हैं।

इस पंक्ति का दूसरा महत्वपूर्ण हिस्सा है—"कदम और दृढ़ रखो।" यानी जब मुश्किलें बढ़ें, तब पीछे मत हटो। संघर्ष के बीच जो व्यक्ति अपने कदम मजबूत करके आगे बढ़ता है, वही सफल होता है। दृढ़ता सिर्फ शारीरिक बल नहीं, बल्कि मानसिक शक्ति है। यह बताती है कि चाहे परिस्थितियाँ कितनी भी खराब हों, मन में उम्मीद और संकल्प का दीप जलाए रखना जरूरी है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# नामजप के मार्ग में बाधाएँ और उनका महत्व

जब कोई साधक नामजप, ध्यान या महायज्ञ जैसे पुण्य कार्य का संकल्प करता है, तो उसके मार्ग में स्वाभाविक रूप से अनेक बाधाएँ आती हैं, क्योंकि जब मनुष्य साधारण जीवन से ऊपर उठकर ईश्वर के निकट जाने का प्रयास करता है, तब संसारिक शक्तियाँ, उसकी अपनी प्रवृत्तियाँ और मानसिक दुर्बलताएँ उसे रोकने लगती हैं। यही बात प्राचीन कथा में भी दिखाई देती है, जब विश्वामित्र जी ने यज्ञ का संकल्प किया तो उन्हें ताड़का, सुबाहु और मारीच जैसी तीन प्रमुख बाधाओं का सामना करना पड़ा। ये राक्षस केवल बाहरी शत्रु नहीं थे, बल्कि साधक के भीतर छिपी तीन मानसिक अवस्थाओं के प्रतीक थे — ताड़का तर्क, संशय और अविश्वास का प्रतीक थी जो श्रद्धा और भक्ति की जड़ों को कमजोर करती है; जब साधक गुरु या संत के मार्ग पर चलता है, तो मन में तर्क उठता है, "क्या यह सही है? क्या यह सच में काम करेगा?" यही ताड़का की चाल है, जो साधक के मन को विचलित कर देती है। इसलिए भगवान राम ने सबसे पहले ताड़का का वध किया, ताकि श्रद्धा का मार्ग निर्मल हो सके। दूसरी बाधा सुबाहु है, जो हमारे पुराने स्वभाव, पाप और बुरी आदतों का प्रतीक है। यह वही प्रवृत्तियाँ हैं जो जन्म-जन्मांतर से हमारे भीतर जमी हुई हैं और जो हमें हर बार साधना में पीछे खींच ले जाती हैं। जब हम माला उठाते हैं या ध्यान में बैठते हैं, तो आलस्य, अस्थिरता और विकार सामने आ जाते हैं — यही सुबाहु है। इसका नाश तभी होता है जब साधक ज्ञान, चिंतन और आत्ममंथन की अग्नि जलाता है। भगवान ने सुबाहु को अग्निबाण से मारा, यह इस बात का प्रतीक है कि केवल विवेक की ज्वाला ही इन आदतों को समाप्त कर सकती है। तीसरी और सबसे सूक्ष्म बाधा मारीच है,



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो। नं। 9425980556



जो मोह, भ्रम और मरीचिका का प्रतीक है। यह संसारिक आकर्षणों के माध्यम से साधक का ध्यान भटकाती है, दुख को सुख, असत्य को सत्य और क्षणभंगुर वस्तु को स्थायी दिखाती है। मारीच को भगवान ने मारा नहीं, बल्कि दूर भगाया, क्योंकि मोह और भ्रम पूरी तरह समाप्त नहीं होते, बल्कि उनकी तीव्रता कम की जा सकती है। साधक को अपने लक्ष्य पर दृढ़ रहकर इन मरीचिकाओं से पार पाना होता है। विश्वामित्र जी का इन बाधाओं से हार जाना भी गहन संदेश देता है — आध्यात्मिक मार्ग में हार कोई विफलता नहीं होती, बल्कि वह आत्मबोध का द्वार खोलती है। जब साधक अपनी हार में भी ईश्वर की उपस्थिति को देखता है, तब उसका अहंकार मिटता है और वह सच्चे अर्थों में "दीन" बन जाता है। और जब साधक दीन बनता है, तब "दीनानाथ" यानी भगवान का सान्निध्य उसे प्राप्त होता है। नामजप के मार्ग में आने वाली ताड़का, सुबाहु और मारीच जैसी बाधाएँ वास्तव में साधक की शक्ति, श्रद्धा और धैर्य की परीक्षा हैं। ये अवरोध उसे कमजोर नहीं बनाते, बल्कि उसे दृढ़ करते हैं, उसके मन, विचार और स्वभाव को शुद्ध करते हैं। अंततः, वही साधक भगवान के सच्चे सान्निध्य तक पहुँचता है, जो इन बाधाओं से भयभीत न होकर उन्हें अपनी साधना का आवश्यक हिस्सा मानता है और हर कठिनाई को आत्मविकास का अवसर समझता है।

## अपने विचार



अगर नीतीश कुमार की नई एनडीए सरकार अपने चुनावी वादे के अनुसार 1.5 करोड़ महिलाओं को 2-2 लाख रुपये दे देती है, तो वे- राजनीति छोड़ देंगे। यहां तक कि बिहार छोड़ देंगे।

-प्रशांत किशोर,अध्यक्ष,जन सुराज पार्टी



अगर कोई प्रधानमंत्री के भाषण की प्रशंसा करता है, जो बड़े मुद्दों पर आधारित है,तो कांग्रेस उस व्यक्ति के खिलाफ फतवा जारी कर देती है, जो पूरे देश में लोकतंत्र की बात करती है, लेकिन उनकी पार्टी के भीतर कोई लोकतंत्र नहीं है।

-शहजाद पूनावाला, भाजपा प्रवक्ता



भाजपा के पास डबल इंजन की सरकार है और उनके पास ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियां हैं। इससे शिवसेना गुट कमजोर हुआ है। एक बड़ी दरार की आशंका है। हमारे सूत्रों के अनुसार, शिवसेना गुट के कुछ मंत्री और 20 विधायक हमारे संपर्क में हैं।

-आनंद दुबे, प्रवक्ता,शिवसेना( यूबीटी)



मैं आपको लिखने के लिए मजबूर हूं क्योंकि बंगाल में चल रहा स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (SIR) के हालात बहुत ही खतरनाक स्टेज पर पहुंच गया है। जिस तरह से यह काम अधिकारियों और नागरिकों पर थोपा जा रहा है, वह न सिर्फ बिना प्लान के और अस्त-व्यस्त है, बल्कि खतरनाक भी है।

-ममता बनर्जी,मुख्यमंत्री,पश्चिमबंगाल

**अपने विचार**
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्र्यल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### वसई रोड एवं वैतरणा स्टेशनों के बीच रात्रिकालीन ब्लॉक

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा रेलपथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु शुक्रवार/शनिवार की मध्यरात्रि अर्थात 21/22 नवम्बर, 2025 को वसई रोड एवं वैतरणा स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन फास्ट लाइनों पर छह घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अप फास्ट लाइन पर यह ब्लॉक 23:55 बजे से 02:55 बजे तक तथा डाउन फास्ट लाइन पर 01:30 बजे से 04:30 बजे तक लिया जाएगा। ब्लॉक के कारण ट्रेन संख्या 19101 विरार-भरूच मेमू 15 मिनट विलंबित रहेगी और यह विरार स्टेशन से अपने निर्धारित समय 04:35 बजे के स्थान पर 04:50 बजे प्रस्थान करेगी।

### निलजे और दातिवली के बीच स्पेशल ट्रैफिक और पावर ब्लॉक

**मुंबई।** मध्य रेल, मुंबई मंडल ने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन प्रोजेक्ट के तहत शील फाटा पर किमी 47/8 से 47/0 के बीच मौजूदा रोड ओवर ब्रिज को हटाने के लिए निलजे और दातिवली के बीच स्पेशल ट्रैफिक और पावर ब्लॉक की घोषणा की है। यह ब्लॉक दिनांक 25/26.11.2025, 30.11.2025/01.12.2025, 02/03.12.2025 और 07/08.12.2025 की मध्य रात्रि को 01:10 बजे से 04:10 बजे तक संचालित किया जाएगा। ब्लॉक अवधि के दौरान ट्रेन संख्या 12134 मंगलुरु-सीएसएमटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस को सभी निर्धारित दिनों में कलंबोली स्टेशन पर 50 मिनट के लिए रेगुलेट किया जाएगा। इसके अलावा, ट्रेन संख्या 22193 दौंड-ग्वालियर सुपरफास्ट एक्सप्रेस को 30.11.2025/01.12.2025 और 07/08.12.2025 की रातों में कर्जत-कल्याण-वसई रोड के मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा तथा इसका हॉल्ट पनवेल के स्थान पर कल्याण में दिया जाएगा।

### जिलाधिकारी कार्यालय में छात्रों को हेलमेट वितरण

**ठाणे।** ठाणे में आयोजित हेलमेट वितरण कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में युवाओं की बढ़ती मौतें गंभीर चिंता का विषय हैं। इसे रोकने के लिए हेलमेट उपयोग पर व्यापक स्तर पर जागरूकता जरूरी है।




यह कार्यक्रम चित्रमेध विजन, जिलाधिकारी कार्यालय, पुलिस विभाग, जिला सूचना कार्यालय, उप-क्षेत्रीय परिवहन विभाग और जिला परिषद ठाणे द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राघवेंद्र कुमार मौजूद थे, जबकि कल्याण-डोंबिवली मनपा आयुक्त अभिनव गोयल, उल्हासनगर मनपा आयुक्त मनीषा अव्हाले, भिवंडी मनपा आयुक्त अनमोल सागर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में छात्र एवं अभिभावक उपस्थित थे।

# नगर पालिकाओं की वित्तीय स्थिति मजबूत करने पर जोर

### नगर पालिकाओं की फाइनेंशियल हालत का रिव्यू करने के लिए छठवा फाइनेंस कमीशन की मीटिंग

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**



राज्य की नगर पालिकाओं की आय बढ़ाने और बेहतर सेवाएँ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छठवें महाराष्ट्र स्टेट फाइनेंस कमीशन की महत्वपूर्ण बैठक ठाणे मनपा के अर्बन रिसर्च सेंटर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कमीशन के चेयरमैन नितिन करीर ने की। उन्होंने कहा कि मनपा नागरिकों को बुनियादी सेवाएँ और बड़े प्रोजेक्ट उपलब्ध कराती हैं, इसलिए उनकी आय में पर्याप्त बढ़ोतरी होना ज़रूरी है। करीर ने सुझाव दिया कि मौजूदा वित्तीय हालात का रिव्यू कर सरकार की रेवेन्यू ग्रोथ गाइडलाइंस को लागू किया जाना चाहिए।

#### नगर पालिकाओं की आय-व्यय असंतुलन पर चिंता

बैठक में एडिशनल चीफ सेक्रेटरी गोविंद राज, डायरेक्टरेट ऑफ म्युनिसिपल एडमिनिस्ट्रेशन के कमिश्नर अभिषेक कृष्णा, ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव समेत राज्य भर के नगर पालिकाओं के आयुक्त और अतिरिक्त आयुक्त शामिल हुए। सभी नगर पालिकाओं ने मौजूदा इनकम सोर्स की जानकारी दी और यह सामने आया कि अधिकांश स्थानों पर खर्च इनकम से अधिक है। इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बचत बढ़ाने और वित्तीय अनुशासन लागू करने पर जोर दिया गया।

#### टैक्स रिविजन और नए शुल्क लागू करने की जरूरत

कमीशन ने सुझाव दिया कि प्रॉपर्टी टैक्स, वाटर सप्लाई टैक्स, कमर्शियल टैक्स और लाइसेंस फीस को रिवाइज किया जाए। साथ ही, नए निर्माणों पर लगने वाले शुल्क का पुनर्गठन करने की भी सिफारिश की गई ताकि नगर पालिकाओं की इनकम बढ़ सके। कमिश्नरों ने राज्य सरकार द्वारा इकट्ठा की जाने वाली स्टाम्प ड्यूटी नगर पालिकाओं को समय पर ट्रांसफर करने और रजिस्ट्रेशन के दौरान उसका निश्चित प्रतिशत सीधे नगर निगम में जमा कराने की मांग भी उठाई।

#### राज्य सहायता और प्रशासनिक सुधार पर चर्चा

ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव ने शिक्षा सेस, एम्प्लॉयमेंट गारंटी सेस, लाइसेंसिंग फीस, रोड टैक्स और स्टाम्प ड्यूटी ट्रांसफर जैसी वित्तीय मांगों पर विस्तृत सुझाव रखे। बैठक में यह भी कहा गया कि नगर पालिकाएँ अपना बजट बनाते समय व्यय का स्पष्ट समन्वय करें और व्यर्थ खर्चों में कटौती करें। सभी नगर पालिकाओं से आग्रह किया गया कि रेवेन्यू बढ़ाने के सुझाव लिखित रूप में फाइनेंस कमीशन को भेजें और प्रशासनिक कार्यों में अनुशासन बनाए रखें।

# कैंसर डायग्नोस्टिक वैन की पहल हुई सफल

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

जिले में कैंसर का शुरुआती चरण में पता लगाने और समय पर इलाज सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई कैंसर डायग्नोस्टिक वैन पहल बेहद सफल साबित हो रही है। 3 नवंबर से 29 नवंबर 2025 तक तय तहसीलों में चल रही इस वैन को स्थानीय नागरिकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। यह जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल और सीईओ मनोज रानाडे के मार्गदर्शन में पूरे जिले में संचालित किया जा रहा है। इस वैन का उद्देश्य ग्रामीण-शहरी इलाकों में आम लोगों को मुफ्त, आसान और त्वरित कैंसर स्क्रीनिंग उपलब्ध कराना है। वैन में ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की जांच की जा रही है, जिससे उन लोगों को भी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है जो नियमित जांच नहीं करा पाते।



#### आधुनिक उपकरण और प्रशिक्षित मेडिकल टीम तैनात

डिस्ट्रिक्ट सर्जन डॉ. कैलाश पवार और डिस्ट्रिक्ट हेल्थ ऑफिसर डॉ. गंगाधर पारगे ने बताया कि वैन में अत्याधुनिक उपकरण लगे हैं और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी नियमित जांच कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि कैंसर का शुरुआती स्तर पर पता चलना मरीज की जान बचाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। वैन फिलहाल कल्याण, भिवंडी, अंबरनाथ, मुरबाड और शाहपुर तालुका में निर्धारित प्रोग्राम के अनुसार सेवा दे रही है।

#### 3,000 के करीब स्क्रीनिंग, 28 संदिग्ध मरीज मिले

जागरूकता बढ़ाने के लिए पीएचसी, सब-डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल, मेडिकल ऑफिसर, आशा वर्कर और हेल्थ टीम स्थानीय स्तर पर लगातार लोगों से संपर्क कर रही है। 3 नवंबर से अब तक कुल 2,975 लोगों की स्क्रीनिंग की गई है, जिनमें से 28 संदिग्ध मरीज पाए गए हैं। सभी संदिग्धों को तुरंत आगे की जांच और आवश्यक उपचार के लिए संबंधित चिकित्सा संस्थानों में भेज दिया गया है।

# 600 वर्गफुट तक के फ्लैट्स के लिए स्टाम्प ड्यूटी माफ करने की मांग

**दीपक पवार । मुंबई**

मुंबई में क्लस्टर और अन्य सभी प्रकार के रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स में 600 वर्गफुट तक के फ्लैट्स पर स्टाम्प ड्यूटी पूरी तरह माफ किए जाने की मांग जोर पकड़ रही है। ग्रुप/सेल्फ रीडेवलपमेंट अथॉरिटी के चेयरमैन प्रवीण दरेकर ने रेवेन्यू मिनिस्टर चंद्रशेखर बावनकुले को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि 600 वर्गफुट तक के फ्लैट्स के लिए स्टाम्प ड्यूटी माफी लागू की जाए और इसके अनुरूप सरकारी सर्कुलर में संशोधन किया जाए।




#### रेवेन्यू डिपार्टमेंट की ज़मीन पर सेल्फ-रीडेवलपमेंट की दिक्कतें चर्चा में

दो दिन पहले दरेकर की मांग पर सबअर्बन डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर कार्यालय में रेवेन्यू मंत्री की अध्यक्षता में मुंबई के सभी सांसदों और विधायकों की बैठक हुई। इस बैठक में दरेकर ने कहा कि किराएदारों की इमारतों में रीडेवलपमेंट के बाद 400 sq.ft. तक के घरों पर स्टाम्प ड्यूटी माफी होनी ही चाहिए, जबकि वर्तमान में 600 sq.ft. तक आंशिक छूट उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि मुंबई में तेजी से रीडेवलपमेंट हो रहा है और आम व मध्यम वर्ग को 600-650 sq.ft. तक के घर दिए जा रहे हैं, इसलिए इस श्रेणी में पूरी छूट आवश्यक है।

# आईआरसीटीसी ने "डैज़लिंग दुबई" टूर पैकेज किया लॉन्च

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन ने 22 जनवरी 2026 को प्रस्थान होने वाले अपने विशेष अंतरराष्ट्रीय टूर पैकेज "डैज़लिंग दुबई" की घोषणा की है। यह 4 रात / 5 दिन का प्रीमियम पैकेज मुंबई, दिल्ली, जयपुर, हैदराबाद, बेंगलुरु, अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल और चेन्नई से यात्रा करने वाले 150 से अधिक यात्रियों के लिए तैयार किया गया है।

#### 88,900 की शुरुआती कीमत

ग्रुप जनरल मैनेजर गौरव झा ने बताया कि यह पैकेज 88,900 की आकर्षक शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है। इसका उद्देश्य भारतीय यात्रियों को उत्कृष्ट मूल्य, सुरक्षित व्यवस्था और सांस्कृतिक अनुभवों से भरपूर अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रदान करना है। यह पहल अंतरराष्ट्रीय पर्यटन में उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएँ देने की IRCTC की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।





#### इंश्योरेंस समेत कई सुविधाएँ

पैकेज में भारतीय भोजन, अनुभवी भारतीय टूर मैनेजर, रिटर्न फ्लाइट्स, आरामदायक 3-स्टार होटल आवास, नॉर्मल वीज़ा शुल्क और 70 वर्ष तक का ट्रैवल इंश्योरेंस शामिल है। यह यात्रियों के लिए एक संपूर्ण और तनावमुक्त यात्रा अनुभव सुनिश्चित करता है।

#### दुबई और अबू धाबी के प्रमुख आकर्षण शामिल

यात्रा कार्यक्रम में बुर्ज खलीफा, डेजर्ट सफारी, दुबई फ्रेम और मिरेकल गार्डन जैसी लोकप्रिय जगहों का भ्रमण कराया जाएगा। साथ ही अबू धाबी की विशेष यात्रा भी पैकेज में शामिल है, जिसमें बीएपीएस हिंदू मंदिर और प्रतिष्ठित शेख ज़ायेद ग्रैंड मस्जिद का दर्शन कराया जाएगा।

# खराब सड़कों से बढ़ती दुर्घटनाओं पर नागरिकों का गुस्सा फूटा

### मनपा आयुक्त की बदली और उन पर आपराधिक कार्रवाई की मांग को लेकर धरना

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी शहर में बदहाल सड़कों, गड्ढों से भरे रास्तों और लगातार बढ़ते सड़क हादसों ने नागरिकों का गुस्सा भड़का दिया है। इन्हीं मुद्दों को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता एवं मी भिवंडीकर संस्था के संस्थापक अध्यक्ष खान फखरे आलम के नेतृत्व में उपविभागीय अधिकारी कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि शहर की सड़क व्यवस्था बदतर होती जा रही है और प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। धरना प्रदर्शन में भिवंडी-निजामपुर महानगरपालिका आयुक्त अनमोल सागर की तत्काल बदली की मांग की गई। खान फखरे आलम का आरोप है कि शहर के ज्यादातर रास्ते लंबे समय से जर्जर हैं, जिनकी वजह से कई वाहन चालक अपनी जान गंवा चुके हैं।



#### 'भिक्षा मांगकर सड़क सुधार' अभियान भी बेअसर

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि 5 और 6 नवंबर को नागरिकों ने मनपा मुख्यालय के बाहर प्रतीकात्मक रूप से भिक्षा मांगकर सड़क मरम्मत के लिए धन इकट्ठा किया था। यह राशि मनपा उपायुक्त विक्रम दराडे को सौंपी भी गई, लेकिन इसके बाद भी दुर्घटना-ग्रस्त सड़कों पर कोई मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ। इससे नागरिकों का रोष और बढ़ गया। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे संदेश में खान फखरे आलम ने मांग की है कि खराब सड़कों के कारण हुई मौतों के लिए आयुक्त अनमोल सागर को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाए। साथ ही सभी खस्ताहाल मार्गों की मरम्मत 30 नवंबर 2025 तक पूरी करने की समय सीमा तय की जाए।

# टिकट जांच में पश्चिम रेलवे का रिकॉर्ड प्रदर्शन

- 19 लाख बिना टिकट और अनियमित यात्रियों पर कार्रवाई
- 121.67 करोड़ का राजस्व हासिल

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

पश्चिम रेलवे ने अप्रैल से अक्टूबर 2025 के दौरान टिकट जांच में अपना अब तक का सर्वोत्तम प्रदर्शन दर्ज किया है। इस अवधि में लगभग 19 लाख बिना टिकट और अनियमित यात्रियों पर कार्रवाई करते हुए 121.67 करोड़ का राजस्व हासिल किया गया। यह आय पिछले वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त 80.56 करोड़ की तुलना में 51% अधिक है और रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य से भी 14% ज्यादा है।



#### अक्टूबर में दूसरी सर्वोत्तम मासिक आय

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, पश्चिम रेलवे ने अक्टूबर 2025 में 24 करोड़ से अधिक की आय अर्जित की, जो अब तक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ मासिक रिकॉर्ड है। पश्चिम रेलवे का सर्वोच्च मासिक रिकॉर्ड मई 2022 में बना था, जब लगभग 26 करोड़ की आय दर्ज हुई थी। अहमदाबाद मंडल ने अक्टूबर 2025 में 50 हजार प्रकरण दर्ज कर 4 करोड़ से अधिक की वसूली की, जो उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

# नूरी नगर कब्रिस्तान निधि में घोटाले का आरोप



- करोड़ रुपये का विकास कार्य अटका
- मस्जिद प्रबंधन ने अधिकारियों पर कार्रवाई की माँग

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी के नूरी नगर, न्यू आज़ाद नगर और डोंगरपाड़ा स्थित मुस्लिम कब्रिस्तान के विकास कार्य में भारी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। सुन्नी मस्जिद एवं मदरसा अमीर हम्ज़ा ने 20 नवंबर 2025 को मनपा आयुक्त, उप-विभागीय अधिकारी और तहसीलदार को एक विस्तृत शिकायत पत्र सौंपकर जांच की मांग की। शिकायत सौंपने के दौरान खान अय्यूब जमींदार, संतोष राय और देवानंद गौड़ सहित कई लोग मौजूद रहे। शिकायतकर्ताओं के अनुसार कब्रिस्तान के वॉल कंपाउंड, वजूखाना, नमाज़ स्थल और अन्य सुविधाओं के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 1 करोड़ रुपये की निधि मंजूर की थी। यह निधि मनपा को प्राप्त भी हुई, लेकिन विकास कार्य अधूरा छोड़ दिया गया और धनराशि कथित रूप से अन्य कार्यों में खर्च कर दी गई।

#### अधूरा निर्माण और गायब सुविधाएँ

शिकायत में कहा गया है कि कब्रिस्तान वर्षों से खुला और असुरक्षित था, जिसके लिए नागरिक लगातार वॉल कंपाउंड और बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रहे थे। निधि मिलने के बाद काम शुरू हुआ, लेकिन कई स्थानों पर पुरानी दीवारों पर केवल प्लास्टर किया गया। कंपाउंड की ऊँचाई कई जगह कम है और कई हिस्सों में निर्माण असमान है।

#### जाँच और कार्रवाई की मांग

शिकायत में मनपा अधिकारियों और ठेकेदार पर जवाबदेही से बचने का आरोप लगाया गया है। 01 करोड़ की निधि का ऑडिट, अधूरे कार्य को तुरंत पूरा करने और दोषी अधिकारियों के निलंबन की मांग की है। समुदाय ने चेतावनी दी है कि यदि समय पर जांच और कार्रवाई नहीं हुई, तो बड़े आंदोलन का मार्ग अपनाया जाएगा। मामला भिवंडी मनपा की पारदर्शिता और धार्मिक स्थलों के विकास को लेकर गंभीर सवाल उठा रहा है।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्ययवृद्धि होगी। तनाव रहेगा। अपरिचितों पर विश्वास न करें। प्रयास में आलस्य व विलंब नहीं करना चाहिए। रुके हुए काम समय पर होने की संभावना है। विरोधी परास्त होंगे। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है। धैर्य एवं संयम बना रहेगा।

**वृष** कोर्ट-कचहरी में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। झंझटों में न पड़ें। उधार दिया धन मिलने से राहत हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग उलझे मामले सुलझाने में सहायक हो सकेगा। वाहन सावधानी से चलाएँ।

**मिथुन** बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जोखिम न लें। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। सत्कार्य में रुचि बढ़ेगी। प्रियजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक चिंताएँ दूर होंगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कर्क** भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभ देंगे। रोजगार मिलेगा। शत्रु भय रहेगा। निवेश व नौकरी लाभ देंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। कार्य के विस्तार की योजनाएँ बनेंगी। रोजगार में उन्नति एवं लाभ की संभावना है। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। लाभदायक समाचार मिलेंगे।

**सिंह** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। शोक समाचार मिल सकता है। थकान महसूस होगी। व्यावसायिक चिंता रहेगी। संतान के व्यवहार से कष्ट होगा। सहयोगी मदद नहीं करेंगे। व्ययों में कटौती करने का प्रयास करें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**कन्या** अतिथियों का आवागमन रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बना रहेगा। नई योजनाओं की शुरुआत होगी। संतान की प्रगति संभव है। भूमि व संपत्ति संबंधी कार्य होंगे। पूर्व कर्म फलीभूत होंगे। परिवार में सुखद वातावरण रहेगा।

**तुला** चोट, चोरी व विवाद से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुसंगति से हानि होगी। अपने काम से काम रखें। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। आवास संबंधी समस्या हल होगी। आलस्य न करें। सोचे काम समय पर नहीं हो पाएँगे।

**वृश्चिक** राजकीय बाधा दूर होकर लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। रुके हुए काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। परिवार की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। व्यापार में नई योजनाएँ बनेंगी।

**धनु** रोमांस में समय बीतेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाएँ रखें।

**मकर** दिन प्रेमभरा गुजरेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रुका हुआ धन मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। प्रियजनों से पूरी मदद मिलेगी। धन प्राप्ति के योग हैं। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएँगे।

**कुंभ** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। सामाजिक एवं राजकीय ख्याति में अभिवृद्धि होगी। आर्थिक अनुकूलता रहेगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। राज्यपक्ष से लाभ के योग हैं।

**मीन** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी रखें। कार्यक्षमता एवं कार्यकुशलता बढ़ेगी। कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ होगा।

# पीपल-वृक्ष का महत्त्व

पीपल को सभी वृक्षों में श्रेष्ठ वृक्ष माना गया है। इसे 'वृक्षराज' कहा जाता है। पूज्य बापूजी के सत्संग वचनामृत में आता है: ३पीपल की शास्त्रों में बड़ी भारी महिमा गायी है। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है: अश्वत्थः सर्ववृक्षाणां... 'मैं ने सब वृक्षों में पीपल का वृक्ष हूँ।' (गीता १०.२६) पीपल में विष्णुजी का वास, देवताओं का वास बताते हैं अर्थात् उसमें सत्त्व का प्रभाव है। पीपल सात्त्विक वृक्ष है। संस्कृति विज्ञान पीपल देव की पूजा से लाभ होता है, उनकी सात्त्विक तरंगें मिलती हैं। हम भी बचपन में पीपल की पूजा





प्रियंका जैन
9769994439

करते थे।

इसके पत्तों को छूकर आनेवाली हवा चौबीसों घंटे आह्लाद और आरोग्य प्रदान करती है। बिना नहाये पीपल को स्पर्श करते हैं तो नहाने जितनी सात्त्विकता, सज्जनता चित्त में आ जाती है और नहा-धोकर अगर स्पर्श करते हैं तो दोगुनी आती है। शनिदेव स्वयं कहते हैं कि 'जो शनिवार को पीपल को स्पर्श करता है, उसको जल चढ़ाता है, उसके सब कार्य सिद्ध होंगे तथा मुझसे उसको कोई पीड़ा नहीं होगी।' पीपल का पेड़ प्रचुर मात्रा में ऑक्सीजन देता है और थके हारे दिल को भी मजबूत बनाता है। पीपल के वृक्ष से प्राप्त होनेवाले ऋण आयन, धन ऊर्जा स्वास्थ्यप्रद हैं। पीपल को देखकर मन प्रसन्न, आह्लादित होता है। पीपल ऑक्सीजन नीचे को फेंकता है और २४ घंटे ऑक्सीजन देता है। अतः पीपल के पेड़ खूब लगाओ। अगर पीपल घर या सोसायटी की पश्चिम दिशा में हो तो अनेक गुना लाभकारी है।

#### पीपल की शास्त्रों में महिमा

'पीपल को रोपने, रक्षा करने, छूने तथा पूजने से वह क्रमशः धन, पुत्र, स्वर्ग और मोक्ष प्रदान करता है।

अश्वत्थ के दर्शन से पाप का नाश और स्पर्श से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। उसकी प्रदक्षिणा करने से आयु बढ़ती है। पीपल की ७ प्रदक्षिणा करने से १० हजार गौओं के, और इससे अधिक बार परिक्रमा करने पर करोड़ों गौओं के दान का फल प्राप्त होता है। अतः पीपल-वृक्ष की परिक्रमा नियमित रूप से करना लाभदायी है।

पीपल को जल देने से दरिद्रता, दुःस्वप्न, दुश्चिता तथा सम्पूर्ण दुःख नष्ट हो जाते हैं। जो बुद्धिमान पीपल वृक्ष की पूजा करता है उसने अपने पितरों को तृप्त कर दिया। मनुष्य को पीपल के वृक्ष के लगानेमात्र से इतना पुण्य मिलता है जितना यदि उसके सौ पुत्र हों और वे सब सौ यज्ञ करें तब भी नहीं मिल सकता है। पीपल लगाने से मनुष्य धनी होता है। पीपल की जड़ के पास बैठकर जो जप, होम, स्तोत्र-पाठ और यंत्र-मंत्रादि के अनुष्ठान किये जाते हैं उन सबका फल करोड़ गुना होता है।'

## न्यूज़ ब्रीफ

### नयी सरकार गठन की प्रक्रिया तेज, राजनीतिक हलचल बढ़ी

**पटना।** बिहार में चुनाव परिणाम आने के बाद सरकार गठन को लेकर राजनीतिक गतिविधियाँ तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज दिन में राज्यपाल से मुलाकात की और औपचारिक रूप से इस्तीफा सौंपने की बात कही, जिससे नई सरकार के गठन का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है। सूत्रों के अनुसार प्रमुख दलों के नेताओं के बीच लगातार बातचीत जारी है और समर्थन के समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। माना जा रहा है कि दो दिनों के भीतर गठबंधन की अंतिम रूपरेखा जारी हो जाएगी। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इस बार सरकार गठन की प्रक्रिया चुनौतियों से भरी है, क्योंकि सभी दल अपनी शर्तों पर अड़े हैं। उधर, पटना में प्रशासन ने विधानसभा भवन के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है, क्योंकि अगले 48 घंटे राजनीतिक रूप से बेहद अहम माने जा रहे हैं।

### यूपी में महिला सुरक्षा के लिए नई योजना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर आज एक नई व्यापक योजना की घोषणा की, जिसके तहत प्रमुख शहरों—लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और गोरखपुर—में हेल्पलाइन और पेट्रोलिंग नेटवर्क को और मजबूत किया जाएगा। राज्य सरकार के अनुसार 1090 वूमन पावर लाइन को नए तकनीकी फीचर्स के साथ अपडेट किया जाएगा, जिससे शिकायत दर्ज करना और तुरंत कार्रवाई करना आसान होगा। इसके अलावा हर बड़े शहर में 24×7 मोबाइल टीमों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। महिला सुरक्षा संगठनों ने इस कदम का स्वागत किया है, लेकिन यह भी कहा है कि इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देना होगा। अगले सप्ताह से नई स्कीम का पहला चरण लागू किया जाएगा, जिसकी समीक्षा हर महीने की जाएगी।

### अंतरराष्ट्रीय पर्यटन सम्मेलन में काशी का दमदार प्रदर्शन

**वाराणसी।** विश्व पर्यटन मंच द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में काशी ने अपने सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पर्यटन मॉडल से सभी देशों का ध्यान अपनी ओर खींचा। शहर की प्रस्तुतियों में घाटों की विरासत, गंगा पार्थिव पूजा, विश्वनाथ कॉरिडोर और पारंपरिक कला को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया। सम्मेलन में वाराणसी के अधिकारियों ने बताया कि पिछले एक वर्ष में शहर में विदेशी पर्यटकों की संख्या 30% बढ़ी है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बड़ा लाभ मिला है। इसके अलावा आगामी महीने से 'काशी नाइट टूरिज्म सर्किट' शुरू करने की भी घोषणा की गई है। विशेषज्ञों ने कहा कि वाराणसी के मॉडल को अब अन्य भारतीय शहर भी अपनाने की तैयारी कर रहे हैं, क्योंकि यह संस्कृति, आध्यात्मिकता और आधुनिक विकास का अनोखा मिश्रण प्रस्तुत करता है।

# बिहार में फिर से नितीश राज

एजेंसी | पटना

बिहार की राजनीति में एक बार फिर इतिहास रचते हुए नीतीश कुमार ने गुरुवार को पटना के गांधी मैदान में दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद रहे। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री के साथ भाजपा कोटे से सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने मंत्री पद की शपथ ली। नए मंत्रिमंडल में अनुभवी नेताओं के साथ कई युवा चेहरों को भी जगह दी गई है।



### वरिष्ठों का भी मार्गदर्शन

मंत्रिमंडल में ऐसे वरिष्ठ नेता भी शामिल हैं जिन्होंने पहले भी विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी संभाली है—जैसे मंगल पांडे, नितिन नवीन, अशोक चौधरी, श्रवण कुमार। वहीं युवा चेहरों में श्रेयसी सिंह, रमा निषाद, दीपक प्रकाश और लाखेंद्र रोशन को शामिल कर टीम को संतुलित रूप दिया गया है। नई सूची में सभी प्रमुख सामाजिक वर्गों—दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा, महिलाएं और अल्पसंख्यकों—को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश दिखाई देती है। श्रेयसी सिंह, रमा निषाद और लेसी सिंह जैसी महिला नेताओं की मौजूदगी एनडीए सरकार की महिला सशक्तिकरण नीति को मजबूत करती है। मोहम्मद जमा खान को शामिल कर सामाजिक सामंजस्य पर भी जोर दिया गया है।

### नई कैबिनेट में शामिल प्रमुख मंत्री

आज लिए गए शपथ में जमुई से विधायक और अंतरराष्ट्रीय शूटर रह चुकीं श्रेयसी सिंह को पहली बार मंत्री बनाया गया। अराई से जीतीं रमा निषाद को भी मंत्रिमंडल में स्थान मिला है। इन दोनों को युवा नेतृत्व का प्रतिनिधि माना जा रहा है।

### मंत्रियों की सूची

सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, विजय चौधरी, विजय प्रसाद यादव, श्रवण कुमार, मंगल पांडे, डॉ. दिलीप जायसवाल, अशोक चौधरी, लेसी सिंह, मदन साहनी, नितिन नवीन, रामकृपाल यादव, संतोष कुमार सुमन, सुनील कुमार, मोहम्मद जमा खान, संजय सिंह टाइगर, अरुण शंकर प्रसाद, सुरेंद्र मेहता, नारायण प्रसाद, रमा निषाद, लाखेंद्र कुमार रोशन, श्रेयसी सिंह, प्रमोद कुमार, संजय कुमार, संजय कुमार सिंह और दीपक प्रकाश।

# धर्म परिवर्तन कराकर साइबर ठगी में फंसाया



एजेंसी | बरेली

बरेली में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां विशारतगंज क्षेत्र के एक फार्मासिस्ट को कथित रूप से दोस्ती के बहाने धर्म परिवर्तन कराने और साइबर धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगा है। पीड़ित अम्बरीष गोस्वामी ने एसएसपी अनुराग आर्य को शिकायत देकर पूरी घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अम्बरीष के मुताबिक वर्ष 2023 में उनके शहबाजपुर स्थित मेडिकल स्टोर पर आरोपी समीर नियमित रूप से आता था। लगातार मुलाकातों के बाद समीर और उसके परिवार ने उन पर धार्मिक दबाव बनाना शुरू किया। पीड़ित का कहना है कि कुछ समय बाद समीर उन्हें एक मस्जिद ले गया, जहां उनसे कलमा पढ़वाकर उनका नाम बदलकर 'रजा' कर दिया गया। आरोप है कि वे कई महीनों तक नमाज़ भी पढ़ते रहे। अम्बरीष ने बताया कि बाद में उन्हें मुंबई ले जाकर ऑनलाइन बिजनेस का झांसा दिया गया। वहां गिरोह ने उनके नाम पर 14 बैंक खाते खुलवाए, जिनका संचालन पूरी तरह अपने कब्जे में रखा।

## मदरसा बोर्ड: नियुक्तियों पर NHRC ने मांगा स्पष्टीकरण

एजेंसी | लखनऊ/बलरामपुर

उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद में कथित अनियमित नियुक्तियों का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। सामाजिक कार्यकर्ता की शिकायत के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक को नोटिस भेजकर विस्तृत जवाब मांगा है। एनएचआरसी के नोटिस में कहा गया है कि प्राथमिक जांच में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। शिकायत के अनुसार वर्ष 2025 में मदरसों में नई भर्तियों पर रोक के बावजूद वित्तीय स्वीकृतियां जारी की गईं। 1 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025 के बीच 20 नियुक्तियों को मंजूरी दी गई थी, जिनमें से छह की स्वीकृति बाद में वापस ले ली गई। आयोग ने प्रक्रिया को अपारदर्शी बताते हुए कहा कि इसमें व्यक्तिगत हित साधे जाने के संकेत मिलते हैं। शिकायत को प्रथमदृष्टया मानवाधिकार उल्लंघन मानते हुए आयोग ने विभाग से स्पष्टीकरण तलब किया है।

# चाची की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

एजेंसी | हमीरपुर

मौदहा कोतवाली क्षेत्र के करहिया गांव में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक ने अपनी चाची की बेरहमी से हत्या कर दी। 60 वर्षीय कल्ली पत्नी मेड़ेलाल खंगार रोज की तरह टहलने निकली थीं, तभी उनके भतीजे धर्मेंद्र (45) ने अचानक उन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। आरोपी ने महिला को दौड़ाते हुए पकड़ लिया और सीने व गर्दन पर कई वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वारदात के बाद धर्मेंद्र कुल्हाड़ी हाथ में लेकर गांव की गलियों में घूमता रहा और किसी के पास आने की कोशिश पर उन्हें डराता-धमकाता रहा। भय के कारण ग्रामीण दूर से ही देखते रहे और कोई भी उसे काबू करने की हिम्मत नहीं जुटा सका। कुछ देर बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। गांव के पूर्व प्रधान शिवशरण यादव के अनुसार दो माह पहले मंदिर में पूजा के दौरान धर्मेंद्र ने हवन कुंड की व्यवस्था बिगाड़ दी थी, जिस पर मृतका के पति मेड़ेलाल ने उसे डंडे से मारा था। इसी बात से आरोपी काफी नाराज था और तब से बदले की आग में जल रहा था। मेड़ेलाल गांव से बाहर रहते थे, इसलिए गुस्सा उसकी पत्नी पर निकाल दिया। पुलिस के मुताबिक कल्ली एक सप्ताह पहले ही कानपुर से गांव लौटी थीं, जहां उनका परिवार खेती का काम करता है। गांव आने के बाद धर्मेंद्र ने उनसे पुराने विवाद को लेकर बहस भी की थी।

# श्रीकृष्ण सिंह के बाद अब नीतीश कुमार!

एजेंसी | पटना

बिहार की राजनीति एक बार फिर स्थिर नेतृत्व और लंबे कार्यकाल की चर्चा के केंद्र में है। सवाल उठ रहा है कि क्या मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वह दौर दोहरा सकते हैं, जिसे राज्य के पहले मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह ने अपने लगभग 15 वर्ष के शासन में स्थापित किया था।

### डॉ. श्रीकृष्ण सिंह

1946 से 1961 तक (स्थिर राज का स्वर्णिम अध्याय) सत्ता में रहे डॉ. सिंह का कार्यकाल बिहार के राजनीतिक इतिहास में सबसे लंबा और सबसे स्थिर माना जाता है। प्रशासनिक मजबूती और विकास का उनका मॉडल आज भी मिसाल के तौर पर याद किया जाता है।

### नीतीश कुमार

लगातार बदलते गठबंधन समीकरणों के बावजूद नीतीश कुमार लगभग दो दशकों से बिहार की राजनीति की धुरी बने हुए हैं। सुशासन, विकास और सामाजिक संतुलन की उनकी छवि ने उन्हें लंबे समय तक राज्य की पसंद बनाया है।

### स्थिरता की तलाश में बिहार



बिहार की राजनीति में पिछले 60 वर्षों में ऐसा कोई नेता नहीं आया जिसने श्रीकृष्ण सिंह जैसा निरंतर और ठोस नेतृत्व दिया हो। लालू प्रसाद यादव का 15 वर्षों का दौर सामाजिक बदलाव का प्रतीक रहा, लेकिन राजनीतिक-प्रशासनिक अस्थिरता की आलोचनाएं भी उससे जुड़ी रहीं। वहीं, नीतीश कुमार ने विकास, कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक सुधार को केंद्र में रखकर लंबी रेस में खुद को स्थापित किया। आज जब बिहार में फिर से स्थिरता, सुशासन और दीर्घकालिक नेतृत्व की बहस गर्म है, तब राजनीतिक हलकों में यह तुलना स्वाभाविक रूप से सामने आती है। क्या नीतीश अब श्रीकृष्ण सिंह की तरह एक बार फिर बिहार को स्थिर नेतृत्व का नया अध्याय दे सकते हैं?

### राजनीतिक हलकों का बड़ा सवाल

नई राजनीतिक परिस्थितियों और लोकसभा चुनाव 2024 के बाद बने समीकरणों ने यह बहस तेज कर दी है कि क्या बिहार फिर लंबे समय के स्थिर शासन की ओर बढ़ रहा है। जहां समर्थक नीतीश में इसकी मजबूत संभावना देखते हैं, वहीं विपक्ष का कहना है कि मौजूदा दौर में श्रीकृष्ण सिंह जैसी स्थिरता पाना आसान नहीं। विशेषज्ञों का मानना है कि बिहार आज स्थिर माहौल और स्पष्ट नेतृत्व की तलाश में है। ऐसे में निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या नीतीश कुमार नई राजनीतिक परिस्थितियों में राज्य को फिर से दीर्घकालिक स्थिरता का अध्याय दे पाएंगे।

# चार राज्यों में फैला रखा था फेंसिडिल कोडीन सिरप का कारोबार

एजेंसी | जौनपुर



जिले में फेंसिडिल कोडीनयुक्त कप सिरप के बड़े पैमाने पर अवैध व्यापार का खुलासा हुआ है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) लखनऊ के निर्देश पर बनी विशेष टीम ने जिला औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय के नेतृत्व में जौनपुर के एक प्रतिष्ठित मेडिकल प्रतिष्ठान पर छापेमारी की। जांच में सामने आया कि 15 मेडिकल फर्मों ने पिछले एक वर्ष में 42.5 करोड़ रुपये की फेंसिडिल सिरप की खरीद दिखाई थी, जो कागज़ों पर ही की गई फर्जी खरीद-फरोख्त निकली। जांच टीम के मुताबिक अधिकतर माल रांची, झारखंड स्थित शैली ट्रेडर्स से खरीदा गया था, जिसके संचालक वाराणसी निवासी शुभम जायसवाल हैं। सबसे अधिक खरीद पूर्वांचल एसोसिएट, ढालगर टोला द्वारा की गई, जिसमें 4 लाख 60 हजार बोतलें खरीदी गईं। जिन 15 मेडिकल फर्मों की जांच हुई, उनमें पूर्वांचल एसोसिएट, गुप्ता ट्रेडिंग, मिलन मेडिकल एजेंसी, सौक्षय फार्मा, स्टार एंटरप्राइजेज, पांचजन्य एसोसिएट, निगम मेडिकल एजेंसी, आकाश मेडिकल, शिवम मेडिकल, बद्रीनाथ फार्मेसी एंड सर्जिकल, श्री मेडिकल, हर्ष मेडिकल एजेंसी, एसएन मेडिकल और श्री केदार मेडिकल एजेंसी शामिल हैं। जांच में यह भी सामने आया कि इन फर्मों के जरिए फेंसिडिल सिरप जौनपुर, आजमगढ़, प्रतापगढ़ के अलावा बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और यहां तक कि बांग्लादेश तक सप्लाई किया जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसडीए की टीम वाराणसी और आजमगढ़ में भी छापेमारी जारी रखे हुए है। जिला औषधि निरीक्षक रजत पांडेय ने बताया कि सभी 15 फर्मों के खिलाफ कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत दी गई है। कोतवाल विश्वनाथ प्रताप सिंह के अनुसार दस्तावेजों की जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।




# फुजियामा पावर की कमजोर लिस्टिंग

एजेंसी | नई दिल्ली

रूफटॉप सोलर समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी फुजियामा पावर सिस्टम्स शेयर बाजार में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी। कंपनी का स्टॉक बुधवार को कमजोर शुरुआत के साथ सूचकांकों पर सूचीबद्ध हुआ, जिससे इसके आईपीओ निवेशक निराश दिखाई दिए। कंपनी का शेयर 228 रुपये प्रति शेयर के इश्यू प्राइस पर जारी हुआ था, लेकिन लिस्टिंग के समय यह बीएसई पर 218.40 रुपये और एनएसई पर 220 रुपये पर खुला—जो लगभग 4 प्रतिशत का डिस्काउंट है। हालांकि शुरुआती कारोबार में लिवाली बढ़ने से शेयर में हल्का सुधार दिखा। सुबह 10:30 बजे तक बीएसई पर इसका भाव 224.40 रुपये और एनएसई पर 224.89 रुपये तक पहुंच गया, लेकिन फिर भी निवेशक करीब 1.5 प्रतिशत घाटे में थे।




### आईपीओ को मिला-जुला रिस्पॉन्स

828 करोड़ रुपये के इस आईपीओ का सब्सक्रिप्शन 13 से 17 नवंबर तक चला। निवेशकों की रुचि औसत रही और यह इश्यू कुल 2.21 गुना ही सब्सक्राइब हो सका। क्यूआईबी श्रेणी में 5.24 गुना सब्सक्रिप्शन, एनआईआई में केवल 0.92 गुना, रिटेल इन्वेस्टर्स में 1.05 गुना और जबकि कर्मचारियों के लिए आरक्षित हिस्से में 1.55 गुना सब्सक्रिप्शन दर्ज हुआ। कंपनी ने इस आईपीओ के जरिए 1 रुपये फेस वैल्यू वाले 600 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए, जबकि ऑफर फॉर सेल (OFS) के तहत 1 करोड़ शेयर बेचे गए।

### पिछले तीन वर्षों में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन

सेबी के पास जमा डीआरएचपी के अनुसार कंपनी की कमाई लगातार बढ़ती रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23: शुद्ध लाभ 24.37 करोड़ रुपये, 2023-24: शुद्ध लाभ 45.30 करोड़ रुपये, 2024-25: शुद्ध लाभ 156.34 करोड़ रुपये रहा। राजस्व भी 52% की सीएजीआर से बढ़ते हुए 1,550.09 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। अप्रैल-जून 2025 तिमाही में कंपनी ने 67.59 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया और 597.79 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल किया। तिमाही समाप्ति पर कंपनी पर कुल 432.83 करोड़ रुपये का कर्ज था, जबकि रिजर्व और सरप्लस 436.33 करोड़ रुपये रहे।

# सोना-चांदी के बाजार में आई तेजी

एजेंसी | नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोना और चांदी दोनों की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। सोने के दाम में आज 1,120 से 1,220 रुपये प्रति 10 ग्राम तक का उछाल आया है। वहीं चांदी भी 3,100 रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो गई। लगातार बढ़ती मांग और वैश्विक बाजार में मजबूती के चलते देशभर के प्रमुख बाजारों में सोना ऊंचे स्तर पर ट्रेड कर रहा है। तेजी के बाद 24 कैरेट सोना आज विभिन्न शहरों में 1,24,870 से 1,25,020 रुपये प्रति 10 ग्राम की रेंज में बिक रहा है। वहीं 22 कैरेट सोने की कीमत 1,14,460 से 1,14,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बनी हुई है। चांदी की बात करें तो दिल्ली के सर्राफा बाजार में यह 1,65,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है।

### प्रमुख शहरों में सोने का भाव



दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,25,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर और 22 कैरेट 1,14,610 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,24,870 रुपये और 22 कैरेट की कीमत 1,14,460 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना 1,24,920 रुपये और 22 कैरेट 1,14,510 रुपये प्रति 10 ग्राम पर उपलब्ध है। अन्य बड़े शहरों—चेन्नई, कोलकाता और भोपाल—में भी आज सोने में तेजी जारी रही। चेन्नई और कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,24,870 रुपये प्रति 10 ग्राम पर जबकि 22 कैरेट सोना 1,14,460 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बिक रहा है।

### उत्तर भारत में भी चमक बरकरार

लखनऊ, पटना और जयपुर जैसे उत्तर भारतीय शहरों में भी बढ़ी हुई कीमतें बरकरार रहीं। यहां 24 कैरेट सोना 1,25,020 रुपये और 22 कैरेट 1,14,610 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। दक्षिण और पूर्वी भारत भी इससे अछूता नहीं रहा। बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,24,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,14,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## ITPO के चेयरमैन बने जावेद अशरफ

एजेंसी | नई दिल्ली

सरकार ने पूर्व राजनयिक जावेद अशरफ को भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) का चेयरमैन नियुक्त किया है। अशरफ भारतीय विदेश सेवा के 1991 बैच के (सेवानिवृत्त) अधिकारी हैं। कार्मिक मंत्रालय ने गुरुवार को जारी आदेश में कहा कि जावेद अशरफ को भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। जावेद अशरफ 1991 बैच के (सेवानिवृत्त) भारतीय विदेश सेवा अधिकारी हैं। मंत्रालय के आदेश में कहा गया कि उन्हें पदभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक संविदा आधार पर चेयरमैन नियुक्त किया गया है। अशरफ ने अपने राजनयिक करियर में सिंगापुर, फ्रांस सहित कई देशों में भारत के राजदूत के तौर पर काम किया है।

## दूसरी तिमाही में एबिटा में 27.6% बढ़ोतरी, आंकड़ा पहुंचा 82.8 करोड़

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

अग्रणी प्रेसिजन इंजीनियरिंग और विनिर्माण कंपनी बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 30 सितंबर 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही और पहली छमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम जारी किए हैं। कंपनी ने इस अवधि में मजबूत परिचालन प्रदर्शन दर्ज किया है।बीएफआईएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक जसपाल सिंह चंदोक ने तिमाही के प्रदर्शन पर संतोष जताते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में परिचालन से कंपनी का राजस्व 299.5 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 34.4% की वृद्धि दर्शाता है। तिमाही के दौरान कंपनी ने 27.6% एबिटा मार्जिन दर्ज किया और एबिटा 82.8 करोड़ रुपये रहा। वहीं पीएटी 65 करोड़ रुपये रहा, जो 21.5% का मार्जिन दिखाता है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के प्रदर्शन की बात करें तो इस अवधि में परिचालन से प्राप्त राजस्व बढ़कर 532.7 करोड़ रुपये पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही की तुलना में 33.8% अधिक है। इसी अवधि में कंपनी का एबिटा 155.1 करोड़ रुपये, जबकि PAT 126.1 करोड़ रुपये रहा।

# शेयर बाजार की मजबूती बरकरार

एजेंसी | नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार ने बुधवार को सकारात्मक रुख के साथ कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती मिनटों में तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान जरूर दिखी, लेकिन बाजार की समग्र दिशा मजबूती की ओर ही रही। पहले एक घंटे के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.17 प्रतिशत और निफ्टी 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ ट्रेड कर रहे थे। प्रारंभिक सत्र में दिग्गज कंपनियों के शेयरों में मिश्रित रुख रहा। टेक महिंद्रा, टाटा कंज्यूमर, जियो फाइनेंशियल, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंटरग्लोब एविएशन के शेयर 0.61 से 1.47 प्रतिशत तक चढ़े। वहीं डॉक्टर रेड्डीज, मैक्स हेल्थकेयर, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में 0.37 से 0.82 प्रतिशत तक कमजोरी दर्ज की गई।

### 2063 शेयरों में हुआ व्यापार



स्टॉक एक्सचेंज पर कुल 2,063 शेयरों में व्यापार देखा गया, जिनमें 1,147 शेयर बढ़त में और 916 गिरावट में रहे। सेंसेक्स के 30 में से 19 शेयर हरे निशान में बने हुए थे, जबकि 11 पर बिकवाली का दबाव था। निफ्टी के 50 शेयरों में से 32 बढ़त और 18 कमजोरी के साथ ट्रेड कर रहे थे। बीएसई सेंसेक्स 284.45 अंकों की मजबूती के साथ 85,470.92 पर खुला। शुरुआती उतार-चढ़ाव के बाद भी सूचकांक हरे निशान में टिके रहने में सफल रहा। सुबह 10:15 बजे यह 148.45 अंक ऊपर 85,334.92 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एनएसई निफ्टी ने भी दिन की शुरुआत 79.45 अंक की तेजी के साथ 26,132.10 पर की। हालांकि शुरुआती दबाव में यह 26,063.20 तक फिसला, लेकिन बाद में खरीदारी लौटने से इंडेक्स में सुधार हुआ। 10:15 बजे निफ्टी 49.25 अंकों की बढ़त के साथ 26,101.90 पर पहुंच गया।

## ग्लोबल बाजारों से मजबूती के संकेत

एजेंसी | नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजारों से बुधवार को मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी शेयर बाजार पिछले सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए, जिससे ग्लोबल सेंटीमेंट को सहारा मिला है। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी हरे निशान में कारोबार कर रहा है। हालांकि, यूरोपीय बाजारों ने बीते सत्र में कमजोरी दिखाई। इसके विपरीत एशियाई बाजारों में आज व्यापक तेजी देखने को मिल रही है। अमेरिका में टेक दिग्गज एनवीडिया के दमदार तिमाही नतीजों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया। इससे वॉल स्ट्रीट में लगातार चार दिनों से जारी गिरावट थम गई। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 6,642.19 अंक पर बंद हुआ, जबकि नैस्डैक ने 0.58 प्रतिशत की तेजी दर्ज करते हुए 22,562.95 अंक पर सत्र समाप्त किया।



डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी शुरुआती कारोबार में 0.60 प्रतिशत उछलकर 46,415.14 अंक के स्तर पर पहुंच गया। यूरोप में निवेशकों ने पिछले सत्र में बिकवाली को तरजीह दी। एफटीएसई 0.47 प्रतिशत टूटकर 9,507.41 अंक पर बंद हुआ। सीएसी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,953.77 अंक पर रहा, जबकि डीएएक्स 0.08 प्रतिशत फिसलकर 23,162.92 अंक पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज सुबह से ही जोरदार तेजी का माहौल है।

## एशेज सीरीज 2025-26

# ऑस्ट्रेलिया में 14 साल का खिताब का सूखा खत्म करने पर इंग्लैंड की नजर

- आज से शुरू हो रही है दोनों देशों के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज
- पिछले 15 मैच से घर में अजेय है कंगारू टीम



एजेंसी | पर्थ

क्रिकेट की दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित एशेज सीरीज की शुक्रवार से यहां शुरुआत हो रही है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 49 दिन तक चलने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले यक्षप्रश्न यह है कि क्या इंग्लैंड ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर खिताबी सूखा खत्म कर सकेगा? ऑस्ट्रेलिया में पिछले 15 टेस्ट में से इंग्लैंड ने 13 गंवाए और दो ड्रॉ खेले हैं जबकि एक भी जीत नहीं मिल सकी। आखिरी बार 2010-11 में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराया था।

### पांच शहरों में मैच

अगले सात सप्ताह तक पांच शहरों में चलने वाली एशेज सीरीज से पहले कई बड़े सवाल खड़े हैं। क्या उम्रदराज और प्रमुख खिलाड़ियों के बिना खेलने जा रही ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी सरजमीं पर 14 साल से चला आ रहा अपराजेय अभियान बरकरार रख सकेगी? दूसरी ओर, क्या बेन स्टोक्स इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर लंबे अर्से बाद एशेज दिला सकेंगे? ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटों के कारण पहला टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। ऐसे में तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और ऑफ स्पिनर नाथन लियोन पर जिम्मेदारी बढ़ जाएगी।

### नंबर गेम

| | |
|---|---|
| 73 | सीरीज अभी तक दोनों टीमों के बीच खेली गई हैं |
| 34 | ऑस्ट्रेलिया ने, 32 इंग्लैंड ने जीतीं, सात ड्रॉ रहीं |
| 361 | मैच अब तक एशेज के दौरान कुल खेल गए |
| 152 | ऑस्ट्रेलिया ने, 111 इंग्लैंड ने जीते, 98 ड्रॉ रहे |

### इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा रहा है भारी

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच अब तक 361 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस दौरान कंगारू टीम को 152 मुकाबलों में जीत मिली है। इंग्लैंड ने 112 मैच अपने नाम किए हैं। दोनों टीमों के बीच 97 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं।

> "मैं जनवरी में यहां से रवाना होते समय उन भाग्यशाली कप्तानों में नाम दर्ज कराना चाहता हूं जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में एशेज सीरीज जीती है। इतिहास के बारे में काफी बातें होती हैं लेकिन अब हमारे पास अपना इतिहास रचने का मौका है। **-बेन स्टोक्स,** कप्तान, इंग्लैंड

### डोगेट का पदार्पण संभव

ब्रेंडन डोगेट तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड के साथ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं। कैमरून ग्रीन हरफनमौला के रूप में खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया सलामी बल्लेबाज जैक वेदराल्ड को भी 31 साल की उम्र में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने का मौका मिल सकता है। 2019 के बाद यह पहला मौका है जब ऑस्ट्रेलिया ने एक ही टेस्ट टीम में दो पदार्पण करने वाले खिलाड़ियों को शामिल किया है। मार्नस लाबुशेन तीसरे और कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ चौथे नंबर पर उतरेंगे। इंग्लैंड टीम में जोफ्रा आर्चर तेज गेंदबाजी का दारोमदार संभालेंगे जिनका साथ देने के लिए मार्क वुड हैं। स्टोक्स खुद गेंदबाजी करेंगे और तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स तथा गुस एटकिंसन को भी मौका मिल सकता है।

## डेफलिंपिक्स 2025: टूर्नामेंट में तीसरा पदक

# शूटर महित संधू ने टोक्यो में जीता रजत

टोक्यो/नई दिल्ली। भारत की प्रतिभावान निशानेबाज़ महित संधू ने टोक्यो में जारी 25वें समर डेफलिंपिक्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर राइफल प्रोन प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल पर कब्ज़ा जमाया। यह इस प्रतियोगिता में उनका तीसरा पदक है, जिसने उन्हें भारत की सबसे सफल शूटरों में शामिल कर दिया है।

महित ने क्वालिफिकेशन राउंड में ही कमाल कर दिया और 619.7 अंकों के साथ नया वर्ल्ड डेफ रिकॉर्ड स्थापित किया। फाइनल में भी उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा, जहां उन्होंने 246.1 अंक जुटाकर दूसरा स्थान हासिल किया। चेकिया की एलिस्का स्वोबोदावा ने 247.2 अंकों के साथ स्वर्ण जीता, जबकि हंगरी की मीरा ज़सज़ाना बियातोव्स्की ने 225.0 अंकों के साथ कांस्य अपने नाम किया। भारत की नताशा जोशी शूट-ऑफ के बाद आठवें स्थान पर रहीं।

फाइनल की शुरुआत में महित पहले 14 शॉट्स के बाद चौथे स्थान पर थीं। इसके बाद दो शानदार सीरीज ने उन्हें तीसरी पोज़िशन पर पहुंचाया, जहां वह 20 शॉट्स तक बनी रहीं। बाद में 9.8 और 10.2 के स्कोर ने उन्हें सिल्वर की दौड़ में पहुंचाया, जबकि हंगेरियन शूटर के कम स्कोर ने अंतर बढ़ा दिया। अंतिम दो शॉट्स में महित ने 10.0 और 10.7 के बेहतरीन निशाने लगाए, लेकिन स्वोबोदावा की लगातार 10+ की सटीकता उन्हें पीछे नहीं छोड़ सकी।

### दर्जनभर पदक जीत चुकी है शूटिंग टीम




नताशा जोशी ने भी क्वालिफिकेशन में 611.6 अंक बनाते हुए सातवें स्थान के साथ फाइनल में प्रवेश किया था। टोक्यो डेफलिंपिक्स में भारत की शूटिंग टीम कुल 12 पदक जीत चुकी है, जिनमें से तीन अकेले महित संधू के नाम हैं। उनके इस प्रदर्शन ने देश का मान बढ़ाने के साथ भारतीय दल के आत्मविश्वास को भी नई उड़ान दी है।

## मोंटेरे और ग्वाडलाहारा में होंगे इंटरकांटिनेंटल प्लेआफ

**मेक्सिको सिटी।** फीफा ने पुष्टि की है कि 2026 विश्व कप के इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ मुकाबले मेक्सिको के ग्वाडलाहारा और मोंटेरे शहरों में आयोजित किए जाएंगे। इन मैचों के ज़रिए छह टीमों के बीच विश्व कप के दो अंतिम स्लॉट तय होंगे।

यह प्लेऑफ 23 मार्च से शुरू होगा, जिसमें पाँच परिसंघों की छह टीमें—इराक, डीआर कांगो, जमैका, सूरीनाम, बोलीविया और न्यू कैलेडोनिया—प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्लेऑफ का ड्रा गुरुवार को ज्यूरिख में निकाला जाएगा, जिसके बाद अंतिम कार्यक्रम जारी किया जाएगा। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने इन स्थलों को लेकर उत्साह जताते हुए कहा कि दोनों स्टेडियम रोमांचक और ऊर्जावान माहौल देने में सक्षम हैं तथा यह टूर्नामेंट को खास बनाते हैं।

# वेदराल्ड और डॉगेट करेंगे डेब्यू



**नई दिल्ली।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को पर्थ में होने वाले पहले एशेज टेस्ट के लिए अपनी अंतिम एकादश की घोषणा कर दी है। नियमित कप्तान पैट कमिंस और तेज़ गेंदबाज़ जोश हेज़लवुड के चोटिल होने के चलते अनुपस्थित रहने पर स्टीव स्मिथ टीम की कमान संभालेंगे। ओपनर जेक वेदराल्ड और तेज़ गेंदबाज़ ब्रेंडन डॉगेट को पहली बार टेस्ट कैप मिली है। वेदराल्ड, उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करेंगे, जबकि डॉगेट मिचेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड के साथ तेज़ आक्रमण में शामिल होंगे। इससे पहले इंग्लैंड अपनी 12 सदस्यीय टीम की घोषणा कर चुका है, जिसमें शोएब बशीर को एकमात्र स्पिनर के रूप में शामिल किया गया है। तेज़ गेंदबाज़ जोफ्रा आर्चर, ब्राइडन कार्स, गस एटकिंसन और मार्क वुड भी इंग्लैंड के दल का हिस्सा हैं।



# आस्ट्रिया को हरा इटली का सेमीफाइनल में प्रवेश

### डेविस कप 2025 में अब बेल्जियम से होगी टक्कर

**नई दिल्ली।** बोलोनिया में हुए डेविस कप 2025 के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में इटली ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बुधवार को ऑस्ट्रिया के खिलाफ दोनों सिंगल्स मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। अगले दौर में उसका सामना बेल्जियम से होगा।

जैनिक सिनर और लोरेंजो मुसेत्ती की गैरहाज़िरी के बावजूद टीम ने मजबूती दिखाई। अनुभवी मत्तेओ बेरेटिनी और युवा फ्लावियो कोबोली ने घरेलू दर्शकों के बीच शानदार खेल दिखाते हुए सीधे सेटों में जीत दर्ज की। बेरेटिनी ने जूरिज रोडियोनोव को 6-3, 7-6 (7/4) से हराया। दूसरे सेट में 2-5 से पिछड़ने और लाइटिंग समस्या के चलते करीब आधे घंटे रुकावट के बाद भी उन्होंने दमदार वापसी की। लगातार तीन गेम जीतकर उन्होंने सेट प्वाइंट बचाए और अंत में टाई-ब्रेक में मुकाबला अपने नाम किया।

टीम कप्तान फिलिप्पो वोलांद्री ने कहा, खिलाड़ियों का जज़्बा देखने लायक था। मत्तेओ मुश्किल हालात में भी रास्ता निकालने की क्षमता रखते हैं। दूसरे एकल मुकाबले में फ्लावियो कोबोली ने ऑस्ट्रिया के शीर्ष खिलाड़ी फिलिप मिसोलिक को 6-1, 6-3 से आसानी से पराजित किया। 22वीं रैंक वाले कोबोली ने लगभग एक घंटे में मैच समाप्त कर दिया। इस युवा खिलाड़ी ने इस वर्ष हैम्बर्ग और बुकारेस्ट में अपने पहले ATP खिताब जीते थे।

कोबोली ने कहा, इटली की ओर से खेलना और इस तरह का प्रदर्शन करना मेरे लिए अविस्मरणीय अनुभव है। इटली की दो सिंगल्स जीत के बाद सिमोने बोलेली और आंद्रिया वावासोरी को अपना डबल्स मैच खेलने की आवश्यकता नहीं पड़ी।




# दूसरी बार मां बनेंगी सोनम कपूर

इसी साल अक्टूबर में अभिनेत्री सोनम कपूर की दूसरी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चाओं ने खूब जोर पकड़ा था। लंबे समय तक अटकलों के बीच अब खुद सोनम ने सोशल मीडिया पर यह पुष्टि कर दी है कि वह और पति आनंद आहूजा अपने परिवार में एक और नन्हे मेहमान का स्वागत करने वाले हैं। अभिनेत्री ने यह खबर बेहद स्टाइलिश तस्वीरों के साथ शेयर की है। काफी समय तक सस्पेंस बनाए रखने के बाद सोनम कपूर ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपनी प्रेग्नेंसी को ऑफिशियल कर दिया। उन्होंने पिंक आउटफिट में अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए फोटोशूट शेयर किया। तस्वीरों के कैप्शन में उन्होंने सिर्फ लिखा,₹मां।₹ उनका ये पोस्ट इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो गया। कई सितारों ने उन्हें बधाइयां दीं। सोनम और आनंद ने 2022 में अपने पहले बच्चे वायु का स्वागत किया था।

अब 40 की उम्र में सोनम दोबारा मां बनने जा रही हैं। कपूर और आहूजा परिवार में खुशी का माहौल है और सभी नए मेहमान के आने का इंतजार कर रहे हैं। खुद सोनम की पुष्टि के बाद फैंस भी बेहद उत्साहित हैं। कई सालों की रिलेशनशिप के बाद मई 2018 में दोनों ने शादी की थी। इन दोनों की पहली मुलाकात प्रेम रतन धन पायो के प्रमोशन्स के दौरान हुई थी, जिसका ज़िक्र सोनम ने अपने इंस्टाग्राम लाइव में किया था।



# कृति सेनन ने धनुष संग काम के अनुभव पर खोले राज

एआर. रहमान का म्यूज़िकल एल्बम 'तेरे इश्क में' इन दिनों लगातार ट्रेंड कर रहा है और ट्रेलर को मिल रही जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद फिल्म के प्रति दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ गई है। धनुष और कृति सेनन की नई जोड़ी को लेकर फैन्स बेहद रोमांचित हैं और रिलीज़ से पहले ही उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री फिल्म की बड़ी यूएसपी बनकर उभर रही है। इसी चर्चा के बीच कृति सेनन ने धनुष के साथ काम के अपने अनुभव पर खुलकर बात की।

धनुष संग पहली बार काम को लेकर कृति ने कहा, ₹धनुष एक शानदार अभिनेता हैं। मैं हमेशा से उनके टैलेंट और उनके क्राफ्ट की प्रशंसक रही हूं। अपने किरदारों पर उनकी पकड़ बेहद मजबूत है। उन्होंने न सिर्फ अभिनय किया है बल्कि कई फिल्मों का निर्देशन भी किया है, इसलिए वह सीन के क्रिएशन और स्क्रीन पर उसकी प्रस्तुति को बहुत गहराई से समझते हैं। वो अपने किरदार में कई लेयर जोड़ते हैं, इसलिए उनके साथ काम करने के लिए मैं बहुत उत्साहित थी। मुझे पता था कि वो ऐसे को-एक्टर हैं जिनके साथ रिएक्ट करते हुए मैं अपनी एक्टिंग को और बेहतर कर पाऊंगी, और बिल्कुल ऐसा ही हुआ।

वे आगे कहती हैं, ₹फिल्म में कई गहरे और लंबे सीन हैं, जो तभी असरदार बनते हैं जब दोनों कलाकार एक-दूसरे से ऊर्जा लेकर प्रदर्शन करें। धनुष बहुत सहयोगी और सपोर्टिव को-एक्टर हैं। हमने मिलकर कई सुंदर और जादुई पलों को जन्म दिया, और कई बार सीन खत्म होने के बाद हम एक-दूसरे को देखकर कहते, 'ये वाला सच में बहुत अच्छा था!' उनके साथ काम करना बेहद सुखद अनुभव रहा और उम्मीद है भविष्य में हम और भी प्रोजेक्ट साथ करेंगे।



# पंकज त्रिपाठी की 'परफेक्ट फैमिली' का ट्रेलर रिलीज



अभिनेता से निर्माता बने पंकज त्रिपाठी की कॉमेडी-ड्रामा सीरीज 'परफेक्ट फैमिली' का ट्रेलर अब रिलीज़ हो चुका है। 8 एपिसोड वाली इस सीरीज में नेहा धूपिया, गुलशन देवैया, मनोज पहवा, सीमा पहवा और गिरिजा ओक जैसे कलाकार नज़र आने वाले हैं। इसका निर्माण अजय राय और मोहित छब्बा ने संयुक्त रूप से किया है। करीब 2 मिनट 48 सेकंड लंबे ट्रेलर में ह्यूमर के साथ गहरी भावनाओं और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता का मेल देखने को मिलता है। 'परफेक्ट फैमिली' का ट्रेलर जार पिक्चर्स के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। कहानी कर्करिया परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे अपनी छोटी पोती से जुड़े एक वाकये के बाद थेरेपी की राह अपनानी पड़ती है। इसे भारत की पहली लॉन्ग-फॉर्म वेब सीरीज बताया जा रहा है, जिसका प्रीमियर 27 नवंबर को सीधे यूट्यूब पर होगा। शुरुआती दो एपिसोड दर्शकों के लिए मुफ्त उपलब्ध होंगे, जबकि बाकी एपिसोड देखने के लिए 59 रुपये का भुगतान करना होगा।

निर्माण क्षेत्र में कदम रखने को लेकर पंकज त्रिपाठी ने अपनी भावनाएं शेयर कीं। उन्होंने कहा कि 'परफेक्ट फैमिली' उनके दिल के बेहद करीब है। उन्होंने यूट्यूब रिलीज़ के फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि यह प्लेटफॉर्म अब बड़े और क्वालिटी कंटेंट के लिए शानदार जगह बन चुका है।

# अहान पांडे-अनीत पड्डा के रिश्ते पर बोले करण जौहर

मोहित सूरी निर्देशित 'सैयारा' को दर्शकों ने खूब सराहा। फिल्म की पॉपुलैरिटी के साथ इसके मुख्य कलाकार अहान पांडे और अनीत पड्डा की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री भी लोगों के बीच चर्चा में रही। अब लंबे समय से ऐसी अफवाह है कि दोनों रील ही नहीं, रियल लाइफ में भी एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। अनीत के जन्मदिन पर अहान की मौजूदगी और दोनों की साथ में वायरल तस्वीरों ने इन कयासों को और हवा दी है। इस बीच करण जौहर ने भी इस संभावित रिश्ते पर प्रतिक्रिया दी है। दिए एक इंटरव्यू में करण जौहर ने अहान और अनीत को ₹बॉलीवुड का अगला आईटी कपल₹ बताया। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक दोनों की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। करण बोले, ₹अगर वे डेट कर रहे हैं तो मुझे नहीं पता, क्योंकि इसकी पुष्टि अब तक नहीं हुई है।₹ भले ही करण ने स्पष्ट जवाब नहीं दिया, लेकिन फैन्स का मानना है कि उन्होंने इशारों में इस रिश्ते पर मुहर लगा दी है। 'सैयारा' 18 जुलाई 2025 को रिलीज हुई थी और वैश्विक स्तर पर 570.67 करोड़ रुपये का बड़ा कलेक्शन करने में सफल रही। करण जौहर ने दोनों कलाकारों की तारीफ करते हुए कहा, ₹वे पहले सुपरस्टार नहीं थे, अब सुपरस्टार बन गए हैं।₹ जहां अहान, अली अब्बास जफर की अगली फिल्म में नजर आएंगे और उनके साथ शरवरी वाघ मुख्य भूमिका निभाएंगी, वहीं अनीत मैडॉक फिल्म्स की हॉरर-कॉमेडी 'शक्ति शालनी' का हिस्सा बन चुकी हैं।



# सुको ने अपने ही फैसले को कहा असंवैधानिक



## कोर्ट बिल मंजूरी की टाइमलाइन तय नहीं कर सकती: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी । नई दिल्ली

राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए विधेयकों को मंजूरी देने को लेकर समय-सीमा निर्धारित करने वाले अपने ही फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया है। भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई की अगुवाई वाली सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने संविधान के आर्टिकल 143 के तहत राष्ट्रपति के रेफरेंस पर अपनी राय में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच का फैसला संविधान में निर्धारित व्यवस्था के अनुरूप नहीं था।

### समय-सीमा तय करने वाला फैसला असंवैधानिक

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि संवैधानिक अदालतें राष्ट्रपति और राज्यपाल के लिए विधेयकों पर निर्णय लेने की समय-सीमा तय नहीं कर सकतीं। तमिलनाडु मामले में दो जजों की बेंच द्वारा दिया गया ऐसा निर्देश असंवैधानिक है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संविधान के आर्टिकल 143 के तहत दिए गए रेफरेंस के जवाब में सुप्रीम कोर्ट ने को कहा कि अदालत संविधान के आर्टिकल 200/201 के तहत बिलों को मंजूरी देने के राष्ट्रपति और राज्य के फैसलों के लिए कोई टाइमलाइन नहीं दे सकता।

### विवेकाधिकार सीमित नहीं किया जा सकता

सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों वाली संविधान पीठ ने कहा कि राज्यपाल के पास यह विवेकाधिकार है कि वह या तो विधेयक को अपनी टिप्पणियों के साथ सदन को वापस भेज दे या उसे राष्ट्रपति के विचार के लिए सुरक्षित रखे। सीजेआई बीआर गवई की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि राज्यपाल के इस विवेकाधिकार को अदालत के माध्यम से सीमित नहीं किया जा सकता।

### कोर्ट का'डीम्ड असेंट'वाला नजरिया गलत

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि कोर्ट की ओर से विधेयकों को'डीम्ड असेंट'के आधार पर मंजूरी मान लेने वाला दृष्टिकोण भारत के संविधान की भावना और शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत के भी विरुद्ध है। 'डीम्ड असेंट'वाला नजरिया असल में राज्यपालों के लिए निर्धारित कार्यपालिका संबंधी कार्यों पर कब्जा करना और उन्हें बदलना है,जो हमारे लिखे हुए संविधान के दायरे में उचित नहीं है।

### न्यायिक आदेशों से तय हो सकती है समय-सीमा?

राष्ट्रपति ने पूछा था कि बिना संविधान में तय समय सीमा और गवर्नर/राष्ट्रपति के लिए शक्तियों के इस्तेमाल के तरीके तय किए बिना, क्या राज्यपालों/राष्ट्रपति के लिए न्यायिक आदेशों के माध्यम से समय सीमा तय की जा सकती है और इसके इस्तेमाल का तरीका तय किया जा सकता है?

### अनुच्छेद 142 की शक्तियों को लेकर भी था सवाल

राष्ट्रपति की ओर से राज्यपाल के पास लंबित विधेयकों को मंजूरी देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत सुप्रीम कोर्ट द्वारा विशेष शक्तियों के इस्तेमाल पर भी सवाल उठाया था। राष्ट्रपति के 14 सवाल वाले रेफरेंस पर भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई, अगले चीफ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एस चांदूरकर की संवैधानिक बेंच में सुनाई हुई।

### राष्ट्रपति ने आर्टिकल 143 के तहत मांगी थी राय

राष्ट्रपति ने 14 मई को सुप्रीम कोर्ट से आर्टिकल 143 के तहत इस बारे में राय मांगी थी कि क्या संवैधानिक रूप से समयावधि निश्चित न होने की वजह से राज्य विधानसभाओं से पारित विधेयकों को मंजूरी देने, ठुकराने, रोकने के लिए राज्यपालों पर किसी तरह की कोई समय सीमा निर्धारित की जा सकती है।

### 'राज्यपाल संवाद का रास्ता चुनें,अवरोध का नहीं'

सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले में यह भी कहा है कि राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर राज्यपाल अनिश्चितकाल तक सहमति को रोके नहीं रख सकते। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि भारत के सहकारी संघवाद में गवर्नरों को बिलों को लेकर विधायिका के साथ संवाद करनी चाहिए, रुकावट (obstructionist) वाला रवैया नहीं अपनाना चाहिए।

### सीमित दखल दे सकती है अदालत- सुप्रीम कोर्ट

इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा है कि अगर राज्यपालों की ओर से विधेयकों पर फैसला लेने में बहुत ही ज्यादा देर होती है या बिना वजह बताए इसे रोके रखा जाता है, तो अदालत न्यायिक समीक्षा के लिए सीमित दखल दे सकती है। इसके लिए राज्यपाल को निर्देश दिया जा सकता है कि वह एक निश्चित समय के अंदर उस पर फैसला लें। हालांकि, इस दौरान विधेयक के गुण-दोष पर कोर्ट कोई विचार नहीं करेगा।

### सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच ने तय की थी टाइमलाइन

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन ने एक अप्रत्याशित फैसले में तमिलनाडु के गवर्नर के पास लंबित राज्य विधानसभा से पास 10 बिलों को बिना उनके औपचारिक स्वीकृति के ही स्वीकृत (डीम्ड असेंट) मान लिया था। यही नहीं, बेंच ने राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए विधानसभाओं से पारित बिलों को मंजूरी देने, मना करने के लिए भी समय सीमा तय कर दी थी। इसी के बाद राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी थी।

# अमेरिका के लिए एच-1बी वीजा अनिवार्यः ट्रंप

एजेंसी । वाशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि देश की उच्च तकनीकी जरूरतों को पूरा करने में एच-1बी वीजा कार्यक्रम अहम भूमिका निभाता है और इसे जारी रखना अमेरिका के हित में है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विदेशी कुशल पेशेवर अमेरिकी उद्योगों—विशेषकर चिप मैन्युफैक्चरिंग—के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक हैं। अमेरिकी-सऊदी निवेश मंच की बैठक में ट्रंप ने अपने ही 'मागा' (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) समर्थकों की आपत्तियों को दरकिनार करते हुए कहा कि महंगे और बड़े पैमाने पर तकनीकी संयंत्रों को चलाने के लिए केवल स्थानीय बेरोजगारों पर निर्भर रहना संभव नहीं है। उन्होंने कहा, "एरिजोना में अगर अरबों डॉलर की चिप फैक्ट्री खुलती है, तो उसे चलाने के लिए विशेष योग्यता वाले हजारों लोग चाहिए। ऐसे विशेषज्ञों का यहां आना ही अमेरिका के हित में है—यही असली मागा है।"

### विदेशी विशेषज्ञों से अमेरिका की कार्य क्षमता सशक्त होगी

ट्रंप ने यह भी कहा कि विदेशी विशेषज्ञ न केवल परियोजनाओं को गति देंगे, बल्कि अमेरिकी कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर देश की कार्य क्षमता को और मजबूत करेंगे। उनके अनुसार, प्रशिक्षण के बाद कई विशेषज्ञ वापस अपने देशों लौट जाएंगे, जिससे अमेरिका को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा।

### अमेरिका में प्रतिभाओं की कमी

हालांकि, ट्रंप का यह रुख उनके कई कट्टर समर्थकों को खटक रहा है। लॉरा लूमर और बेनी जॉनसन जैसे प्रभावशाली मागा हस्तियां एच-1बी कार्यक्रम को "अमेरिका फर्स्ट" नीति के विरुद्ध बताते हुए दावा करते हैं कि इससे अमेरिकी नौकरियों पर खतरा बढ़ता है। ट्रंप इस आलोचना पर पहले भी अपनी स्थिति स्पष्ट कर चुके हैं।

### एक लाख डालर शुल्क पर विवाद

इधर, ट्रंप प्रशासन ने सितंबर में एच-1बी वीजा के लिए एक लाख डॉलर का नया शुल्क लागू कर कार्यक्रम को और कठोर बनाने की कोशिश की थी। रिपब्लिकन पार्टी में अब यह मुद्दा बड़ा विवाद बनता जा रहा है—एक धड़ा उच्च-कुशल आप्रवासन पर रोक लगाने की बात कर रहा है, जबकि उद्योग जगत का कहना है कि विदेशी विशेषज्ञों के बिना अमेरिका की तकनीकी क्षमता पर सीधा असर पड़ेगा।

### व्हाइट हाउस में ममदानी से मिलेंगे ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और हाल में ही न्यूयॉर्क सिटी के निर्वाचित महापौर भारतीय मूल के जोहरान ममदानी शुक्रवार को आमने-सामने होंगे। ट्रंप ने अपने मुखर आलोचक ममदानी के मुलाकात करने के आग्रह को स्वीकार कर लिया है। मदनानी मशहूर भारतीय फिल्मकार मीरा नायर के पुत्र हैं। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप ने बुधवार को अपने ट्रुथ सोशल में मदनानी से व्हाइट हाउस में शुक्रवार को होने वाली मुलाकात की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि बैठक का विवरण बाद में दिया जाएगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### नाव पलटने के बाद 64 लोग लापता

**किंशासा।** अफ्रीकी देश कांगो (डीआरसी) के कसाई प्रांत की संकुरु नदी में एक नाव के पलटने के बाद कम से कम 64 लोग लापता बताए गए हैं। चीन की संवाद एजेंसी शिन्हुआ ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक 13 नवंबर को नाव संकुरु प्रांत के बेना डिबेले बंदरगाह से राजधानी किंशासा के लिए निकली थी, जो लगभग आठ सौ किलोमीटर से ज्यादा दूर है। रिपोर्ट के मुताबिक, नाव 'पानी के भंवर' में फंसने के बाद पलट गई। इसमें करीब 120 लोग सवार थे, जिनमें से सिर्फ़ 50 को ही बचाया जा सका है। बाकी सभी लोग अभी तक लापता हैं। इस बाबत राहत और बचाव कार्य अब भी जारी है। हालांकि, अब किसी के बचने की संभावना काफी कम हो गई है।

### मुठभेड़ में 23 विद्रोही लड़ाके मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम जिले में सुरक्षाबलों के साथ दो अलग-अलग मुठभेड़ों में 23 विद्रोही लड़ाके मारे गए हैं। पाकिस्तान की सेना के इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने गुरूवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा बलों ने बुधवार को "फितना अल ख्वारिज" विद्रोही संगठन के खिलाफ कुर्रम के एक इलाके में एक अभियान चलाया। इस दौरान सुरक्षाबलों की गोलीबारी में 12 विद्रोही लड़ाके मारे गए। उसी इलाके में विद्रोहियों के एक अन्य समूह के मौजूद होने की सूचना मिलने पर चलाए गए एक अन्य अभियान में ग्यारह और विद्रोही लड़ाके मारे गए। आईएसपीआर ने कहा कि इलाके में छिपे अन्य लड़ाकों का सफाया करने के लिए व्यापक तलाशी अभियान जारी है।

### पाक सीमा के पास खेत में उतरा भारतीय UAV

**जोधपुर।** जैसलमेर जिले में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक भारतीय वायु सेना का एक रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट (आरपीए) गुरुवार को तकनीकी समस्या आने के बाद एक खेत में उतर गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तथा वायु सेना और सेना के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

वायु सेना की ओर से जारी बयान में बताया गया कि नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान आरपीए में इंजन से जुड़ी दिक्कत आ गई, जिसके बाद उसे जैसलमेर के पास एक सुरक्षित खाली क्षेत्र में नियंत्रित तरीके से नीचे लाया गया। इससे जमीन पर किसी तरह की क्षति नहीं हुई और विमान को भी न्यूनतम नुकसान पहुंचा। स्थानीय किसान ने दोपहर करीब दो बजे खेत में ड्रोन को देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

## ब्राजील में भारत का स्पष्ट संदेश

# जलवायु परिवर्तन अब वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरनाक

एजेंसी । बेलें (ब्राजील)



ब्राजील में जारी संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन कोप-30 के दौरान भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आगाह किया है कि जलवायु परिवर्तन महज़ पर्यावरणीय संकट नहीं रहा, बल्कि यह राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए उभरता हुआ बड़ा खतरा बन चुका है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सम्मेलन के इतर आयोजित उच्च-स्तरीय बैठक में कहा कि जलवायु परिवर्तन से उपजी चरम मौसमी आपदाएं, बढ़ता समुद्री स्तर, जल की कमी और खाद्य सुरक्षा के जोखिम देशों की संप्रभुता और स्थिरता को सीधे चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा, यह एक नया सुरक्षा संकट है, जिसे नज़रअंदाज़ करना अब संभव नहीं है। इसके खिलाफ तुरंत वैश्विक एकजुटता जरूरी है। भूपेंद्र यादव ने विकसित देशों को याद दिलाया कि जलवायु परिवर्तन के लिए उनकी ऐतिहासिक ज़िम्मेदारी तय है। उन्होंने कहा कि उन्हें वित्तीय सहायता और नई तकनीक का हस्तांतरण सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। मंत्री ने कहा, भारत 'क्लाइमेट जस्टिस' का समर्थक रहा है। हम 2070 तक नेट-ज़ीरो उत्सर्जन का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं, पर इसके लिए

### LIFE अभियान को अपनाने की अपील

भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने यह भी रेखांकित किया कि भारत उन चुनिंदा बड़े देशों में है, जो पेरिस समझौते के लक्ष्यों को समयसीमा से पहले हासिल करने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। मंत्री ने 'लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट (LIFE)' अभियान को वैश्विक स्तर पर अपनाने की अपील भी की।

### भारत अपनी जिम्मेदारी के लिए प्रतिबद्ध

भारत ने दोहराया कि वह जलवायु कार्रवाई में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन इसके लिए वैश्विक सहयोग, न्यायसंगत दायित्व और संसाधनों का समान बंटवारा जरूरी है। अमेज़न के बेलें शहर में 10 नवंबर से चल रहा कोप-30 सम्मेलन शुक्रवार को समापन होगा, जिसमें 190 से अधिक देशों के प्रतिनिधि, वैज्ञानिक और अंतरराष्ट्रीय संगठन हिस्सा ले रहे हैं।

# दिल्ली विस्फोट : श्रीनगर से चार और गिरफ्तार

### एनआईए ने की गिरफ्तारी, अब तक आधा दर्जन हुए गिरफ्तार

एजेंसी । श्रीनगर



दिल्ली में हुए विस्फोट मामले की तफ्तीश में तेजी लाते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को चार और अहम आरोपितों को हिरासत में ले लिया। इन ताज़ा गिरफ्तारियों के बाद केस में पकड़े गए कुल आरोपियों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। एनआईए प्रवक्ता के अनुसार, पटियाला हाउस कोर्ट के जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा जारी पेशी वारंट के आधार पर एजेंसी ने श्रीनगर में कार्रवाई करते हुए चारों आरोपितों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए व्यक्तियों में पुलवामा के डॉ. मुज़म्मिल शकील गनई, अनंतनाग के डॉ. अदील अहमद राथर, लखनऊ निवासी डॉ. शाहीन सईद और शोपियां के मुफ्त इरफ़ान अहमद वागे शामिल हैं। एजेंसी का कहना है कि सभी आरोपित दिल्ली में हुए आतंकवादी हमले की साजिश और क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के आरोप में जांच के दायरे में हैं। इससे पहले एनआईए ने आमिर राशिद अली को गिरफ्तार किया था, जिसके नाम पर हमले में प्रयुक्त कार दर्ज थी। इसके बाद जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश को पकड़ा गया, जिस पर हमले में शामिल आतंकवादी को तकनीकी सहयोग देने का आरोप है। दोनों से पूछताछ जारी है ताकि पूरे नेटवर्क और साजिश का खुलासा किया जा सके।एनआईए का कहना है कि वह मामले की तह तक पहुंचने और इसमें शामिल सभी व्यक्तियों की पहचान करने के लिए जांच तेज़ गति से आगे बढ़ा रही है।

### कश्मीर टाइम्स के दफ्तर पर छापा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) ने गुरुवार को कश्मीर टाइम्स के कार्यालय में तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई अखबार पर देश-विरोधी गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के आरोपों के सिलसिले में की गई। अधिकारियों के अनुसार, प्रकाशन के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है जिसमें आरोप है कि अखबार ने "राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध गतिविधियों का महिमामंडन" किया। इसी आधार पर एसआईए की टीम ने कार्यालय परिसर, कंप्यूटर और संबंधित रिकॉर्ड की जांच की। एजेंसी का कहना है कि चूंकि केस पब्लिकेशन और इसके प्रमोटरों दोनों के खिलाफ दर्ज किया गया है।

### चार आरोपी 10 दिन की एनआईए रिमांड पर

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने लाल किला विस्फोट मामले में गिरफ्तार चार आरोपितों को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की 10 दिन की हिरासत में भेज दिया है। एनआईए ने गुरुवार को इन सभी को अदालत में पेश किया था। इस केस में अब तक छह लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है और सभी को एनआईए की कस्टडी मिल चुकी है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में पुलवामा के डॉ. मुजम्मिल शकील गनई, जम्मू-कश्मीर के डॉ. आदिल अहमद रतहर, लखनऊ की डॉ. शाहीन सईद और जम्मू-कश्मीर के मुफ्ती इरफान वागे शामिल हैं। इससे पहले एजेंसी ने आत्मघाती हमलावर उमर नबी के सहयोगी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश को श्रीनगर से पकड़ा था, जिसे भी 10 दिन की रिमांड पर भेजा गया है।

# भारत में और बड़ा हुआ चीतों का कुनबा



### भारत में जन्मी मादा चीता 'मुखी' ने दिए पाँच शावक

एजेंसी । श्रीनगर

भारत में जन्मी मादा चीता 'मुखी' ने पाँच स्वस्थ शावकों को जन्म देकर देश के चीता संरक्षण अभियान में एक ऐतिहासिक पड़ाव जोड़ दिया है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने गुरुवार को इस सुखद सूचना को साझा करते हुए इसे भारत के 'प्रोजेक्ट चीता' के लिए महत्वपूर्ण सफलता बताया। मंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए बताया कि मुखी और उसके सभी शावक पूर्णतः स्वस्थ हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि भारत में चीतों के पुनर्वास और संरक्षण के प्रयासों की दिशा में मजबूत प्रगति का संकेत है। यादव के अनुसार, भारत के वन्यजीव इतिहास में यह पहला अवसर है जब देश में ही जन्मी किसी मादा चीता ने सफलतापूर्वक प्रजनन किया है। पाँच शावकों का जन्म इस कार्यक्रम के लिए एक मील का पत्थर माना जा रहा है।

# कंटेंट की जिम्मेदारी लें सोशल मीडिया प्लेटफार्मः अश्विनी

### केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव का बयान, सोशल मीडिया कंपनियां निभाएं जिम्मेदारी

एजेंसी । नई दिल्ली



सिंगापुर में आयोजित ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डिजिटल युग की चुनौतियों पर जोर देते हुए कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अपने मंच पर प्रकाशित सामग्री की पूर्ण जिम्मेदारी उठानी होगी। उन्होंने कहा कि डीपफेक, फर्जी जानकारी और भ्रामक पोस्ट तेजी से फैलकर सामाजिक सौहार्द प्रभावित कर रहे हैं, इसलिए प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही तय होना बेहद जरूरी है। मंत्री ने कार्यक्रम में भारत की आर्थिक एवं डिजिटल नीति की दिशा को भी साझा किया। उन्होंने कहा कि मजबूत आर्थिक वृद्धि, नियंत्रित महंगाई और स्थिर नीतिगत माहौल भारत को भविष्य में एक महत्वपूर्ण वैश्विक निवेश गंतव्य बनाएंगे। उन्होंने दुनिया भर के निवेशकों को अगले वर्ष नई दिल्ली में होने वाले न्यू इकोनॉमी फोरम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

### टेक्नो लीगल मॉडल

डिजिटल गवर्नेंस पर बोलते हुए वैष्णव ने भारत के "टेक्नो-लीगल मॉडल" का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि देश का डेटा प्रोटेक्शन कानून सिद्धांत-आधारित है, जो तेजी से बदलती तकनीकों के साथ तालमेल बिठा सकता है और नवाचार को भी जगह देता है। उनके अनुसार, "नियम और नवाचार—दोनों को साथ लेकर चलना ही आधुनिक डिजिटल अर्थव्यवस्था की जरूरत है।" मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत में संचालन करने वाली सभी टेक कंपनियों को भारतीय संविधान, कानून और सामाजिक-सांस्कृतिक विविधताओं का सम्मान करना होगा। उन्होंने कहा, हर प्लेटफॉर्म के लिए जरूरी है कि वह देश की संवेदनशीलताओं को समझकर जिम्मेदार डिजिटल माहौल बनाने में सहयोग दें।

## रिपोर्ट : शहरी इलाकों में बढ़ते युद्ध के कारण बच्चे हो रहे शिकार

# 2024 में बच्चों की मौतें रिकॉर्ड स्तर पर, 70% धमाकों से हुई

### दुनियाभर में 12,000 बच्चे युद्ध में मारे गए या घायल हुए

एजेंसी । लंदन

सेव द चिल्ड्रन नामक एक एनजीओ ने गुरुवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा कि पिछले साल विस्फोटक हथियारों के कारण मारे गए या घायल हुए बच्चों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। इसका कारण शहरी क्षेत्रों में तेजी से हो रहे युद्ध हैं। ब्रिटेन स्थित इस चैरिटी ने संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि पिछले साल दुनिया भर में संघर्षों में लगभग 12,000 बच्चे मारे गए या घायल हुए। यह संख्या 2006 में रिकॉर्ड शुरू होने के बाद से सबसे अधिक है और 2020 की कुल संख्या से 42 प्रतिशत अधिक है।



### इन कारणों से बच्चे आ रहे चपेट में

पहले युद्ध क्षेत्रों में बच्चे कुपोषण, बीमारी या खराब स्वास्थ्य प्रणालियों के कारण उनके मरने की संभावना अधिक होती थी। लेकिन गाजा, सूडान और यूक्रेन जैसे संघर्ष अब तेजी से शहरी क्षेत्रों में हो रहे हैं। इसके कारण बम, ड्रोन के अस्पतालों, स्कूलों और आवासीय क्षेत्रों पर हमले के कारण बच्चे इनकी चपेट में आ रहे हैं।

### मिसाइलों और ग्रेनेड के कारण 70 फीसदी अधिक मामले

रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में युद्ध क्षेत्रों में बच्चों के हताहत होने के 70 प्रतिशत से अधिक मामले मिसाइलों और ग्रेनेड जैसे विस्फोटक हथियारों के कारण हुए। 2020 से 2024 की अवधि में यह औसत लगभग 59 प्रतिशत था। सेव द चिल्ड्रन यूके की वरिष्ठ सलाहकार नरमीना स्ट्रिशेनेट्स ने कहा कि दुनिया बचपन के जानबूझकर विनाश को देख रही है। मिसाइलें उन जगहों पर गिर रही हैं जहां बच्चे सोते, खेलते और सीखते हैं। इससे उनके घर और स्कूल जैसी सबसे सुरक्षित जगहें मौत के जाल में बदल रही हैं।

### शारीरिक चोट

बच्चों के छोटे शरीर और विकासशील अंगों के कारण विस्फोट से होने वाली चोटें बहुत अधिक गंभीर होती हैं और ठीक होने में अधिक समय लगता है।

### गाजा में बुरा हाल

बच्चों के लिए सबसे घातक संघर्ष गाजा में है। 2023 में हमास के हमले के प्रतिशोध में इजरायल द्वारा युद्ध शुरू किए जाने के बाद से 20,000 बच्चे मारे जा चुके हैं।